

नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी



◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 247 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, रविवार 2 जुलाई 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -4 पर

पीजी कॉलेज बेमेतरा में अतिरिक्त विषय प्रारंभ करने ..

लायंस क्लब को मिला एक नया उपलब्धि

पेज -8 पर


### सीएम भूपेश ने योजना का किया विस्तार

## हमारी कोशिश ग्रामीण के साथ-साथ शहरी अर्थव्यवस्था को भी मजबूत बनाने की: मुख्यमंत्री

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शनिवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं का विस्तार किया।

इस अवसर पर बघेल ने मुख्यमंत्री मितान योजना का सभी नगर पालिकाओं में शुभारंभ किया, जिसके बाद अब मितान योजना में श्रमिक कार्ड सहित 25 सेवाओं की सुविधा घर बैठे हितग्राहियों को मिलेगी। अब तक मुख्यमंत्री मितान योजना की सुविधा नगर निगम क्षेत्र के नागरिकों को मिल रही थीं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क का भी शुभारंभ किया ताकि शहरी क्षेत्रों में भी स्टार्टअप उद्यमियों, स्व-सहायता समूहों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध हो सकें। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मोबाईल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उल्लेखनीय है कि नागरिकों में नीली गाड़ी के नाम से मशहूर एमएमयू की बड़ी लोकप्रियता है, जिसके बाद नागरिकों की आवश्यकताओं को देखते हुए गाड़ियों की संख्या बढ़ाई गई है। मुख्यमंत्री ने मितान योजना का सौंपा एक लाखवां सर्टिफिकेट - मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत





अब तक 99 हजार 999 सर्टिफिकेट घर पहुंचाएं जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने शनिवार को मितान योजना का एक लाखवां सर्टिफिकेट हितग्राही शीतल सोहले, अंकिता सोहले, ईशा सोहले, सूर्या सोहले, शशांक सोहले को सौंपा। सोहले परिवार ने राशन कार्ड हेतु मितान से संपर्क किया था, मुख्यमंत्री ने स्वयं अपने हाथों से सोहले परिवार को राशनकार्ड भेंट किया।

इसी तरह ऋतु शर्मा, आराध्या शर्मा और अनन्या पाण्डे को आधार कार्ड एवं डॉ. नेहा भल्ला को पैन कार्ड प्रमाण पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा अब शहरी क्षेत्रों में स्टार्टअप उद्यमियों तथा स्व-सहायता समूहों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की तर्ज पर अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क की शुरुआत हम करने जा रहे हैं। इसका वर्चुअल शिलान्यास आज किया गया है। सर्विस डिलिवरी को मजबूत करने, नागरिकों को घर बैठे प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री मितान योजना की शुरूआत की गई।

### एक नजर

आज से अमरनाथ यात्रा शुरू

#### हेलमेट पहन कर करनी होगी पूरी यात्रा, इस बार सबसे लंबी यात्रा चलेगी

**रायपुर।** एक जुलाई से अमरनाथ यात्रा शुरू होने जा रही है। यात्रा को लेकर श्राइन बोर्ड ने लगभग सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस बार बारिश और लैंडस्लाइड से बचाने की भी तैयारी की गई है। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड के सीईओ मनदीप कुमार भंडारी ने बताया कि यात्रा मार्ग पर लैंडस्लाइड और पत्थर गिरने की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए कुछ हिस्सों को संवेदनशील माना गया है।

यहां से गुजरने पर यात्रियों को हेलमेट पहनना अनिवार्य होगा। जो श्रद्धालु खच्चर का इस्तेमाल करेंगे उनके लिए भी हेलमेट पहनना जरूरी होगा।

## ठेकेदार अन्ना के सामने नहीं चलता लोक निर्माण विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों का, पुलिया निर्माण में किया जा रहा अनियमितता

जोहार छत्तीसगढ़- धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ में हो रहे सड़क निर्माण में भारी भ्रष्टाचार किया जा रहा है। एक तो ठेकेदार द्वारा समय पर सड़क निर्माण नहीं करने के कारण दो-चार दिन की बारिश ने लोगों को सड़क पर चलना मुश्किल कर दिया है। वहीं पुलिया ठेकेदार अन्ना के सामने किसी का नहीं चल रहा है। अन्ना अपनी मर्जी से निर्माण कार्य कर रहे हैं। इनके सामने कोई नियम कानून कुछ भी नहीं है ये अपने मर्जी से पुलिया निर्माण कर रहे हैं। आप को सुनकर ऐसा लग रहा होगा कि ऐसे कैसे हो सकता है। लोक निर्माण विभाग के नियम अनुसार नहीं पुल पुलिया का निर्माण कर रहे होंगे। पर ऐसा



नहीं है पेटी ठेकेदार अन्ना ने धांगरनाला में बन रहे पुलिया में खुलकर भ्रष्टाचार किया है। पुलिया में टुकड़े-टुकड़े छड़ को जोड़कर पुलिया निर्माण कर रहे थे। लेकिन जब इनकी भ्रष्टाचार की पोल हमने खोल दी तो टुकड़े छड़ का उपयोग तो इस पुलिया में नहीं कर पाये लेकिन अब पुलिया में लगाये जा रहे रेलिंग में भी ठेकेदार अन्ना भ्रष्टाचार करने से नहीं चुक रहे हैं। 29 जून को लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर चौहान ने पुलिस की जांच करने जाने पर पाया कि रेलिंग में लगाये जा रहे बीम की साईज छोटा लगाया जा रहा है। इंजीनियर चौहान बार-बार बोलता रहा कि बीम को खोलकर सही करें लेकिन ठेकेदार अन्ना के लोगों ने इंजीनियर की एक न मानी और अपनी मनमर्जी से बीम लगाया जा रहा है। अब देखना है कि निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार करने वाले पेटी ठेकेदार अन्ना पर लोक निर्माण क्या कार्यवाही करती है।

बारिश पर लगा ब्रेक

## उमस के साथ गर्मी बढ़ने की संभावना, इन क्षेत्रों में हो सकती है बरसात

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में बीते दिनों हुई बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई थी. अब फिर से बारिश में ब्रेक लग गया है. मौसम विभाग की मानें तो प्रदेश में अगले 3 दिनों तक उमस के साथ गर्मी बढ़ने की संभावना है. जिससे अधिकतम तापमान में भी वृद्धि देखी जा सकती है. वहीं आज सरगुजा और बस्तर संभाग समेत इससे लगे जिलों में बारिश होने के आसार हैं. मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक ये चक्रीय चक्रवाती और द्रोणिका का असर है। बता दें कि राजधानी में आज सुबह से ही तेज धूप निकली हुई है. तापमान में वृद्धि देखी जा रही है. बीते दिनों हुई बारिश से मौसम अच्छा हो गया था, लेकिन अब फिर से तेज धूप का सामना करना पड़ सकता है.



### सब्जियों के दाम बढ़े

बारिश की वजह से सब्जियों के दाम भी बढ़ गए हैं. बारिश के कारण टमाटर के दाम में जोरदार उछाल आया है. राजधानी में टमाटर का रेट 80 से 100 रुपये किलो तक हो गया है. साथ ही हरी मिर्च, शिमला मिर्च, करेला, अदरक, धनिया, के दाम भी बढ़े. लहसुन, फूलगोभी के भी रेट बढ़ गए हैं।

### सब्जियों की कीमतें

टमाटर- 80 से 100 रुपए किलो
अदरक - 60 रुपये पाव 240 रुपए किलो
धनिया - 50 रुपये पाव 200 रुपये किलो
गोभी - 100 रुपये किलो
परवल - 80 रुपये किलो

## पीएम मोदी की सभा में प्रदेशभर से आएंगे लाखों कार्यकर्ता- मूणत

**कांग्रेस नेता सुशील आनंद बोले - प्रधानमंत्री के पास जनता को देने और बताने के लिए कुछ नहीं**

रायपुर। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर भाजपा नेता राजेश मूणत ने कहा, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 7 जुलाई को रायपुर आ रहे हैं. पीएम मोदी केंद्र सरकार की कुछ योजनाओं का शिलालेख और कुछ योजनाओं का शुभारंभ करेंगे.





साथ ही साइंस कॉलेज मैदान में सुबह 10 बजे सभा होगी, जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित भी करेंगे। वहीं प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर संचार विभाग प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, प्रधानमंत्री के पास छत्तीसगढ़ की जनता को देने और बताने के लिए कुछ नहीं है. प्रधानमंत्री ने 18 करोड़ रोजगार देने की बात कही थी. अगर वह 18 करोड़ रोजगार देते तो छत्तीसगढ़ के 32 लाख युवाओं को रोजगार मिलता. किसानों की आय दोगुनी करने की बात, महंगाई कम करने की बात, कोई भी वादा पूरा नहीं हुआ है। साइंस कॉलेज में तैयारियों को लेकर राजेश मूणत ने कहा, साइंस कॉलेज मैदान में सामान्यता 1 लाख कार्यकर्ताओं की बैठने की व्यवस्था की तैयारी है. डोम वगैरह लगना चालू हो गए हैं. आम जनता को निमंत्रण कार्ड हम लोग देने जाएंगे. रायपुर में एक लाख लोगों को निमंत्रण कार्ड दे रहे हैं. टीएस सिंह देव के बयान पर पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने कहा, प्रधानमंत्री पूरे देश का दौरा करते हैं. साढ़े 4 साल तक टीएस बाबा याद नहीं आए थे. चला चली की बेला में घुनघुना बजाते रहे. कल तक वही टीएस बाबा बोलते थे कि मेरी कोई सुनता नहीं है.

मैं आपकी मांग की पूर्ति कर नहीं सकता. यह उनके बयान है, पेपरों की सुर्खियां उनके बयान हैं, किस मुंह से टीएस बाबा यह बात कर रहे हैं। केंद्रीय नेताओं के दौरे वाले टीएस सिंहदेव बयान पर राजेश मूणत ने कहा, स्थानीय नेता अपना प्रवास कर रहे हैं. महीनेभर से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पूरे प्रदेश के अंदर केंद्र सरकार के 9 साल पूरे होने पर महाजनसंपर्क अभियान के माध्यम से पूरे प्रदेश में घूम रहे हैं।

## छत्तीसगढ़ में डेरा डालने की तैयारी में ई डी

### बड़ी कार्यवाही के लिए बड़ा ऑफिस चाहिए?

**रायपुर।** ईडी को अब छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर पुजारी पार्क पचपेड़ी नाका वाला कार्यालय छोटा पड़ रहा है और छत्तीसगढ़ में काम बड़े बड़े हैं इसलिए उन्हें बड़े कार्यालय की आवश्यकता है उन्होंने 27 जून 2023 को विज्ञापन निकाला है इसका पीडीएफ का अवलोकन करें।

उन्हें बड़ा बंगला चाहिए बड़ा स्पेस वाला क्योंकि जुलाई माह काफी महत्वपूर्ण रहेगा और यह प्रक्रिया आने वाले समय में भी अनवरत चलेगी ऐसा सूत्रों के अनुसार जानकारी मिल रही है।

लंबे चौड़े क्षेत्र में ईडी को कार्यालय के लिए जगह चाहिए रायपुर में। साफ है कि ईडी छत्तीसगढ़ में अपना डेरा जमाए बैठे हुए है और आने वाले समय में ईडी का काम छत्तीसगढ़ में बढ़ने वाला है ये तय माना जा रहा है।






प्रवर्तन निदेशालय/Directorate of Enforcement
भारत सरकार/Government of India
क्षेत्रीय कार्यालय / Zonal Office
1-Aब्लॉक, द्वितीय तल, पुजारी चैम्बर्स, रायपुर(छत्तीसगढ़)
A-1 Block, 2nd Floor, Pujari Chambers, Pachpedi Naka, Raipur (C.G) दूरभाष /फैक्स : 0771-2274900 /2274225
Tel. / Fax :0771-2274900/2274225
E-mail : ddrpzo1-ed@nic.in

File No.: D-01/01/RPZO/2023 /225 Date: 27.06.2023

NOTICE INVITING E-TENDER

1. Online e-tenders on single stage two-bid system are invited for and on behalf of the President of India for hiring a building having a desirable carpet measuring around 17677.40 Sqft. (1642.27 Sqm) and total parking area of 4574.70 Sqft. (425 Sqm) for Directorate of Enforcement, Raipur **within the Municipal limit of Raipur with good connectivity by Road** on monthly rent basis initially for a period of 03 years **initially** which may be renewed from time to time, if required by the Directorate of Enforcement.

2. The Tender Document/ Invitation to Offer Document will be available on official website\ http://eprocure.gov.in and departmental website **http://www.enforcementdirectorate.gov.in.** from 28.06.2023 and the bid forms and other details can be downloaded from the said website. Further the tender documents can also be obtained manually from the office of **Enforcement Directorate, Raipur Zonal Office, A-1 Block, 2nd Floor, Pujari Chambers, Pachpedinaka, Raipur**, between 28.06.2023, 16:00 Hrs. to 31.07.2023, 09:30 Hrs. **but bids shall be required to be submitted online by the bidders at CPPP website:https://eprocure.gov.in/eprocure/app.**

## आर्थिक अनियमितता पर प्रभारी रेंजर पर गिरी निलंबन की गाज

**रायपुर/धमतरी।** आर्थिक अनियमितता के मामले में धमतरी के उप वनक्षेत्रपाल एवं प्रभारी रेंजर महादेव कन्नौजे को मुख्य वन संरक्षक जेआर नायक ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है. निलंबन की अवधि रायपुर में होगी. प्रभारी रेंजर पर करोड़ों रुपए की आर्थिक अनियमितता का आरोप है। मुख्य वन संरक्षक जेआर नायक की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि महादेव कन्नौजे, उप वनक्षेत्रपाल, प्रभारी परिक्षेत्र अधिकारी धमतरी द्वारा केनरा बैंक धमतरी में परिक्षेत्र अधिकारी धमतरी के पदनाम से अनाधिकृत रूप से खाता क्र. 3355101006322 खोलकर राशि 1 करोड़ 7 लाख 44 हजार 145 आहरण किया गया. प्रतिमाह प्रस्तुत किए जाने वाले मासिक लेखा के आय व्यय (बैंक स्टेटमेंट) में कूट रचना कर भ्रामक अभिलेख प्रस्तुत किया गया. वनमण्डलाधिकारी धमतरी के बिना अनुमति सितंबर 2022, अक्टूबर 2022, नवंबर 2022 एवं जनवरी 2023 में 6 लाख 81 हजार 874 का नगद आहरण किया गया. इसके लिए आकस्मिक श्रमिक दीपक टण्डन को अधिकृत करते हुए 4 लाख 74 हजार 642 नगद राशि का आहरण किया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए धमतरी वनमण्डल वनमण्डलाधिकारी ने 30 जून को महादेव कन्नौजे, उप वनक्षेत्रपाल (प्रभारी परिक्षेत्र अधिकारी धमतरी) को तत्काल निलंबित किए जाने की अनुशंसा की गई है. छग सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत महादेव कन्नौजे, उप वनक्षेत्रपाल, प्रभारी परिक्षेत्र अधिकारी धमतरी, वनमण्डल धमतरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है. निलंबन अवधि में महादेव कन्नौजे का मुख्यालय कार्यालय वन संरक्षक कार्य आयोजना रायपुर निर्धारित किया जाता है।




महासंपर्क अभियान..

**लंबे समय तक हुकूमत में रही कांग्रेस ने आदिवासियों की कोई फिक्र नहीं की**

## क्रांतिकारी और युग परिवर्तनकारी नींव रखी है मोदी जी ने : राजनाथ सिंह

रायपुर/कांकेर। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने अपने नौ वर्षों के कार्यकाल में क्रांतिकारी, युगांतरकारी परिवर्तन की नींव रखी है। आज पूरी दुनिया गौर से सुनती है कि भारत क्या बोल रहा है? श्री सिंह शनिवार को कांकेर में भारतीय जनता पार्टी के महासम्पर्क अभियान के सिलसिले में आयोजित महती जनसभा को संबोधत कर रहे थे।






रक्षा मंत्री श्री सिंह ने कहा कि आदिवासियों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल जी ने छत्तीसगढ़ राज्य का गठन किया। यह पहली बार हुआ कि आदिवासियों के कल्याण की चिंता करके अलग राज्य बनाए गए जबकि लंबे समय तक हुकूमत में रही कांग्रेस ने आदिवासियों की कोई फिक्र नहीं की। दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, गरीबों, किसानों के हितों के लिए वही प्रतिबद्धता आज प्रधानमंत्री श्री मोदी में दिखाई दे रही है। एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति के पद तक पहुंचाने का करिश्मा भी श्री मोदी ने ही कर दिखाया है। श्री सिंह ने कहा कि आदिवासियों के कल्याण के लिए मोदी जी ने 90 हजार करोड़ का अलग से बजट प्रावधान तक किया है। देश के स्वाधीनता समर से लेकर कला-संस्कृति व समाजजीवन में उल्लेखनीय योगदान के लिए आदिवासी समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया है और आदिवासी समाज की गौरव-गाथा सारी दुनिया को बताई जा रही है। इससे पहले यह काम नहीं हुआ क्योंकि कांग्रेस के सत्ताधीश आत्मकेंद्रित राजनीति में ध्यान रखे हुए थे।

> **भारत को किसी ने आंख दिखाई तो हम उस पार भी जाकर करारा जवाब देंगे।**

भाजपा का कांग्रेस पर हमला

## टीएस बाबा ही नहीं, राहुल बाबा भी आ जाएं तो कुछ फर्क नहीं पड़ेगा- रमन सिंह

**रायपुर।** विधानसभा चुनाव की तारीख जैसे-जैसे करीब आ रही है, वैसे-वैसे कांग्रेस और भाजपा नेताओं की एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी तीखी होती जा रही है. पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि टीएस बाबा ही नहीं, राहुल बाबा को भी ले आए तो छत्तीसगढ़ में कोई फर्क नहीं पड़ेगा. कांग्रेस बौखलाहट से सामूहिक निर्णय की बात कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ आगमन को लेकर भारतीय जनता पार्टी की भाजपा प्रदेश कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक हुई. पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि 7 जुलाई को सुबह 9.45 बजे प्रधानमंत्री मोदी में आएंगे. भूमिपूजन-लोकार्पण कार्यक्रमों के अलावा पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे. उन्होंने कहा कि रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में होने वाली सभा में रायपुर, दुर्ग-भिलाई, कवर्धा मुंगेली, बिलासपुर समेत छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से करीब देढ़ लाख कार्यकर्ता आएंगे. एक महीने के जनसंपर्क से समर्थन अभियान के अभूतपूर्व सफलता के बाद प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन मिलेगा। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने बताया कि 7 जुलाई को प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारी के मद्देनजर बैठक हुई है. इस दौरान मीडिया से चर्चा में उन्होंने कांग्रेस के अंतर-कलह को लेकर कहा कि कांग्रेस नेताओं में आपस में लगातार झगड़ा हो रहा है. जनता के आक्रोश का सामना नहीं कर पाए कांग्रेसी तो इस तरह की गतिविधियां कर रहे हैं।





# समान नागरिक संहिताः कोई ड्राफ्ट सामने आने के पहले ही इतना हो-हल्ला क्यों?

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भोपाल में भाजपा के बूथ विस्तारकों के सम्मेलन में 27 जून को जिस तरह देश में यूनिफॉर्न सिविल कोड (यूसीसी) यानी समान नागरिक संहिता लागू करने का मुद्दा उठाया, उससे साफ हो गया कि पार्टी के लिए अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव का यह कोर मुद्दा है। भाजपा को उम्मीद है कि इस मुद्दे पर वोटरों का उसी तर्ज पर ध्रुवीकरण किया जा सकेगा, जैसा कि राम मंदिर अथवा कश्मीर में धारा 370 हटाने के मुद्दे पर हो सका था। उधर विपक्षी दल भी इस मुद्दे की राजनीतिक धार को आंकने की कोशिश कर रहे हैं। यही कारण है कि इस मुद्दे पर उनकी प्रतिक्रिया विरोधी होते हुए भी सतर्कता से भरी है।

दिलचस्प बात यह है कि देश में यूसीसी लागू करने के समर्थन और विरोध का फिलहाल बहुत ज्यादा औचित्य इसलिए नहीं है कि इसका कोई आधारभूत प्रारूप देश के सामने नहीं लाया गया है। केवल देश के विधि आयोग ने 14 जून को एक अधिसूचना जारी कर यूसीसी पर लोगों से उनकी राय और सुझाव मांगे हैं।

बताया जाता है कि मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड समेत विभिन्न संगठनों और व्यक्तियों ने साढ़े आठ लाख से ज्यादा सुझाव आयोग को दिए हैं। यह मामला थोड़ा इसलिए भी अलग लगता है कि अमूमन किसी भी मामले में कोई आधारपत्र अथवा प्रारूप जारी होने के बाद ही उस पर राय अथवा आपत्तियां आमंत्रित की जाती हैं। लेकिन लगता है कि विधि आयोग प्राप्त सुझावों के आधार पर ही शायद कोई आधार पत्र या प्रारूप तैयार करेगा। आगे क्या होगा, इस बारे में स्थिति 14 जुलाई के बाद स्पष्ट होगी। लेकिन इस प्रस्तावित यूसीसी को लेकर सियासी दलों में लट्ठमलट्ठा शुरू हो चुका है, जिसमें मोदी सरकार की नीयत और संविधान के प्रति प्रतिबद्धता पर सवाल उठाए जा रहे हैं। दूसरी तरफ मोदी सरकार और भाजपा संविधान की ही दुहाई देकर कह रहे हैं कि समान नागरिक संहिता संविधान की भावना के अनुरूप ही लाई जा रही है और यह आज की जरूरत है।

इसमें दो राय नहीं कि समान नागरिक संहिता का जिक्र भारतीय संविधान में है। लेकिन संविधान के भाग 4 में राज्य के नीति निदेशक के अनुच्छेद 44 में इस का उल्लेख संविधान निर्माताओं ने मात्र एक वाक्य में किया है। जिसके मुताबिक (संविधान के अधिकृत हिंदी अनुवाद के अनुसार) ' राज्य, भारत के समस्त राज्यक्षेत्र में नागरिकों के लिए एक




*दिलचस्प यह है कि देश में यूसीसी लागू करने के समर्थन और विरोध का फिलहाल बहुत ज्यादा औचित्य इसलिए नहीं है कि इसका कोई आधारभूत प्रारूप सामने नहीं लाया गया है। देश के विधि आयोग ने 14 जून को एक अधिसूचना जारी कर यूसीसी पर लोगों से राय मांगी है।*

समान सिविल संहिता प्राप्त कराने का प्रयास करेगा।' अर्थात ऐसा करना अनिवार्य नहीं है, लेकिन राज्य (सरकार) ऐसा करने का प्रयास करेगा। इसकी एक वजह यह भी थी कि यूसीसी पर संविधान सभा की बहसों में भी मुस्लिम प्रतिनिधियों ने इसे अनिवार्य करने का विरोध किया था, जबकि मौलिक अधिकारों को अनिवार्य माना गया है।

इसका अर्थ यह है कि संविधान निर्माता सिद्धांत रूप में इस बात से सहमत थे कि भारत जैसे सांस्कृतिक और धार्मिक बहुलता वाले देश में समान नागरिक संहिता अपेक्षित तो है, लेकिन इसे समग्र विचार और सहमतियों के बाद ही लागू करना ठीक होगा। इसका कारण यह है कि इस देश में अपराधों के लिए भले ही एक दंड संहिता हो, लेकिन सामाजिक धार्मिक नियम कायदे हर धर्म के अलग अलग हैं और आम तौर पर लोग उनका पालन जरूरी समझते हैं। इसमें किसी दूसरे तत्व का हस्तक्षेप अनावश्यक समझते हैं।

इन कानूनों में कुछ विसंगतियां भी हैं, लेकिन धार्मिक आग्रहों और पारंपरिक मान्यताओं के चलते लोग इन्हें बदलना या छोड़ना नहीं चाहते। अलबत्ता शिक्षा व अन्य कारणों से कुछ बदलाव विभिन्न समाजों में अलग अलग स्तर पर दिखाई देते हैं।

### यूसीसी को लेकर इतना बवाल क्यों?

अब सवाल यह है कि अगर समान नागरिक संहिता का विचार संविधान सम्मत है तो फिर इसे लागू करने अथवा ऐसा विचार भी करने में क्या हर्ज है? चूंकि इस बारे में अभी कोई प्रारूप किसी के सामने नहीं है, इसलिए तमाम विरोध और समर्थन अनुमान और आशंकाओं के आधार पर ज्यादा हैं। पहला विरोध धर्म अथवा समाज विशेष में लागू व्यक्तिगत कानूनों में बदलाव अथवा उनको समाप्त करने का है। इसीलिए मुस्लिम, सिख व कुछ अन्य धर्मों से यूसीसी के विरोध की आवाजें उठ रही हैं। शुरू में इस विरोध में तल्खी ज्यादा थी, लेकिन अब ऐसा लगता है कि यह विरोध बावजूद राजनीतिक आग्रह दुराग्रह के कुछ तार्किक स्वरूप लेता जा रहा है। लिहाजा सभी विरोधी एवं आक्षेपकर्ता कानूनी तरीके से अपनी बात विधि आयोग के सामने रखने जा रहे हैं, जो एक सही तरीका भी है। जो बातें सामने आ रही हैं, अथवा जिन देशों में यह संहिता लागू है, उसे देखते हुए यह समझा जा सकता है कि यूसीसी कुछ मूलभूत बातों पर केन्द्रित होगी, जैसे कि शादी की न्यूनमत उम्र, तलाक़ से जुड़ी प्रक्रिया, गोद लेने का अधिकार, गुजारा भत्ता, बहुपत्नी अथवा बहुपति प्रथा, विरासत, उत्तराधिकार व परिवार नियोजन आदि। इनसे संबंधित कुछ कानून तो अलग-अलग राज्यों में लागू भी हैं। समान नागरिक संहिता में इन मुद्दों को लेकर सभी धर्मों के लोगों पर एक समान कानून लागू होगा। दूसरे शब्दों में यूसीसी लागू होने पर अलग-अलग धर्मों के पहले से लागू पर्सनल लॉ समाप्त हो जाएंगे। जैसे कि हिंदू विवाह अधिनियम, हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, भारतीय ईसाई विवाह अधिनियम, भारतीय तलाक़ अधिनियम, पारसी विवाह और तलाक अधिनियम आदि।

अजय बोकिल

## संपादकीय

### सुरक्षा आउटसोर्सिंग के खतरे

गुजरे दशकों में नव-उदारवादी आर्थिक नीतियों पर अंधाधुंध अमल का परिणाम यह हुआ है कि विभिन्न देशों ने सैनिकों की सामाजिक सुरक्षा के अपने दायित्व से मुंह मोड़ने के लिए सुरक्षा की आउटसोर्सिंग की है। लेकिन अब इसके खतरे खुल कर सामने आ गए हैं। रूस भीषण गृह युद्ध में उलझने से बच गया। इसका श्रेय बेलारुस के राष्ट्रपति अलेक्सांद्र लुकाशेंको की परिपक्व मध्यस्थता को दिया जाए, या प्राइवेट आर्मी वागनर ग्रुप के सरदार येवगेनी प्रिगोझिन को आखिर में हुए हकीकत के अहसास को- यह अलग चर्चा विषय है। लेकिन अहम बात यह है कि इस सेना ने यूक्रेन के युद्ध में खास भूमिका निभाई है। बाखमुट के मोर्चे पर इसे मिली बड़ी फतह के बाद प्रिगोझिन की बढ़ी महत्त्वाकांक्षा और अहंकार ही वो कारण थे, जिसने रूस को ऐसे संकट के दरवाजे तक पहुंचा दिया था, जहां से सचमुच उसके विनाश की शुरुआत हो सकती थी। अब प्रश्न है कि एक प्राइवेट आर्मी को राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे कार्य में किसने लगाया, जो अनिवार्य रूप से आधुनिक काल में राज्य की जिम्मेदारी होनी चाहिए? यह भी गौरतलब है कि वागनर ग्रुप से लड़ने के लिए चेचन आर्मी के दस्ते संबंधित क्षेत्र की तरफ कूच गए थे, जिसका चरित्र भी काफी कुछ निजी सेना की तरह है। उस लड़ाई में चाहे जिसकी जीत होती, खून रूसी नागरिकों का गिरता और बर्बाद भी रूस ही होता। तो अब यह दुनिया भर के देशों के लिए गहन विचार का विषय है कि राज्य के अनिवार्य कार्यों का निजीकरण होना चाहिए? अमेरिका ने भी गुजरे दशकों में बड़ी संख्या में प्राइवेट आर्मी को अपने युद्धों में लगाया है।

# नवाज शरीफ की वापसी के लिए इमरान को वनवास भेजने की तैयारी

उथल-पुथल से जूझ रहे पाकिस्तान में हाल ही नेशनल एसेंबली ने एक विधेयक पारित किया है, जिसमें किसी भी सांसद की अयोग्यता की अवधि को आजीवन से घटाकर पांच वर्ष कर दिया गया है। इससे पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की राष्ट्रीय राजनीति में वापसी का रास्ता साफ हो गया है, जिन्हें वर्ष 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने जीवन भर के लिए अयोग्य ठहरा दिया था।

उधर अपनी श्रेष्ठता स्थापित करने के लिए पाकिस्तानी सेना ने अपने तीन वरिष्ठ अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया, जो कथित तौर पर नौ मई को दंगाइयों को सैन्य प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ करने से नहीं रोक पाने के लिए जिम्मेदार थे। सैन्य अधिकारियों ने इमरान खान और उनके समर्थकों के खिलाफ सैन्य अधिनियम के तहत मुकदमा भी चलाया है, जिसका पाकिस्तान में राजनीतिक असर हो सकता है।

खबरों में कहा गया है कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ इमरान खान को चुनावी मैदान से बाहर रखने पर तुले हुए हैं, इसलिए उन्हें या तो जेल भेजा जा सकता है या चुनाव लड़ने से अयोग्य ठहराया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट के इमरान समर्थक प्रधान न्यायाधीश उमर अता बांदियाल 16 सितंबर को सेवानिवृत्त होंगे, और नए प्रधान न्यायाधीश काजी फैज इशा



17 सितंबर को कार्यभार संभालेंगे, जिससे शरीफ सरकार और सुप्रीम कोर्ट के बीच जारी मौजूदा टकराव खत्म हो जाएगा, क्योंकि नए प्रधान न्यायाधीश को निष्पक्ष माना जाता है। यह इमरान खान के लिए बुरी खबर हो सकती है, जिन्हें बांदियाल का काफी समर्थन मिला।

प्रधानमंत्री शरीफ इमरान खान के खिलाफ भारतीय कार्ड का खूब इस्तेमाल करते हैं, जो नवाज शरीफ की वापसी के बाद और तेज हो सकता है। और यह इमरान के लिए घातक हो सकता है, क्योंकि इसका उद्देश्य इमरान की पीटीआई को खत्म करना है। इमरान खान ने जनरल असीम मुनीर के नेतृत्व वाली पाकिस्तानी सेना से भी सीधे टकराव मोल लिया है। भारतीय कार्ड आम लोगों को इमरान खान से दूर कर सकता है। शरीफ बंधु और पाकिस्तान की सरकार इमरान को सबक सिखाना चाहते हैं, इसलिए वे भारतीय मीडिया में छपी उनकी तारीफों का उदाहरण दे रहे हैं। प्रधानमंत्री शरीफ ने नौ मई की हिंसा की तुलना आतंकवादी कार्रवाई से की है, जो इमरान के सियासी करियर के अंत की शुरुआत हो सकती है, और उनका जीवन भी खतरे में पड़ सकता है। शरीफ सरकार इमरान की पार्टी पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी में है। भारतीय कार्ड का विश्लेषण करते हुए पाकिस्तान के वरिष्ठ पत्रकार हामिद मीर कहते हैं, इससे पहले भी कई नेताओं को भारत का एजेंट बताया गया था। उन्होंने कहा, अयूब खान ने कभी मोहम्मद अली जिन्ना की बहन फातिमा जिन्ना को और याहया खान ने शेख मुजीबुर रहमान को भारतीय एजेंट बताया था। अब एक नए प्रचार ने पीटीआई के कई नेताओं की कमर तोड़ दी है, जिनमें से कुछ नेता पार्टी ही नहीं, राजनीति भी छोड़ रहे हैं। भारतीय सेना के एक सेवानिवृत्त मेजर गौरव आर्य के ट्वीट के आधार पर कहा जा रहा है कि इमरान खान भारत को खुश करने के लिए काम कर रहे हैं। सैन्य अदालतों ने इमरान खान एवं उनके समर्थकों के खिलाफ ऑफिसियल सेक्रेट एक्ट, 1952 के तहत मुकदमा शुरू किया है, जिसमें मृत्युदंड एवं आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान है। लोगों के रक्षक के रूप में सेना की प्रतिष्ठा दांव पर है।

विशेषज्ञों का कहना है कि सैन्य प्रमुख की सख्त कार्रवाई का उद्देश्य यह संकेत देना हो सकता है कि अब भी सेना की शक्ति में कोई गिरावट नहीं आई है, और वही पाकिस्तान के मामलों में सर्वोच्च है। पाकिस्तानी सेना ने तीन बार तख्तापलट करके मुल्क का शासन अपने हाथों में लिया है।

के एस तोमर

## मिला जुला

### एक नजर

#### मायावती ने अखिलेश को दी जन्मदिन की बधाई, सीएम योगी ने ट्वीट कर की ये कामना



लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर शनिवार को सुबह बसपा सुप्रीमो मायावती ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने एक ट्वीट में अखिलेश यादव व उनके परिवार वालों को हार्दिक बधाई देते हुए उनकी अच्छी सेहत के साथ लंबी उम्र की शुभकामनाएं दी हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी अखिलेश यादव को जन्मदिन की बधाई दी और प्रभु श्रीराम से उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियों में लगे हुए हैं। ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि इन चुनाव में यूपी में सपा, बसपा, कांग्रेस और रालोद मिलकर भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ सकते हैं।

#### कांग्रेस के दिग्गज नेता विक्रमादित्य का यूसीसी का समर्थन, बोले- कानून लागू करने से कौन रोक रहा?



शिमला। देशभर में समान नागरिक संहिता को लेकर बहस छिड़ी है. इस बीच, केंद्र में एनडीए सरकार को विपक्षी पार्टियों के कई नेताओं का भी समर्थन मिलने लगा है. हिमाचल प्रदेश में लोक निर्माण और खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शुक्रवार को पार्टी लाइन के खिलाफ जाते हुए बड़ा बयान दिया है. उन्होंने समान नागरिक संहिता के लिए अपना 'पूर्ण समर्थन' दिया और इस विषय पर 'राजनीतिकरण' नहीं करने का आग्रह किया है।

### हादसा

#### सीएम एकनाथ शिंदे ने किया मुआवजे का ऐलान

# महाराष्ट्र के बुलढाणा में बस में आग लगने से 25 लोगों की मौत

बुलढाणा। महाराष्ट्र के बुलढाणा में समृद्धि महामार्ग एक्सप्रेसवे पर 32 यात्रियों को ले जा रही एक बस में आग लगने से अब तक 25 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए. बुलढाणा के डिप्टी एसपी बाबूराव महामुनि ने बताया कि घायलों को बुलढाणा सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मृतकों के परिवार को 5 लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की है. बस का ड्राइवर सुरक्षित है, उसने बताया कि टायर फटने के कारण बस अनियंत्रित होकर पलट गई. इसके बाद बस में आग लग गई. ऐसे में बहुत सारे लोगों को आग लगने के बाद बस से बाहर निकलने का मौका ही नहीं मिला.

दुर्घटनाग्रस्त बस विदर्भ ट्रेवल्स की थी. अनियंत्रित होने के बाद बस दरवाजे की तरफ ही पलटी, इसलिए किसी को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला. जो लोग बचे वो ड्राइवर की तरफ केबिन में थे, वे शीशा तोड़कर बाहर निकले. इनमें से से भी 4 लोग जख्मी हैं

बताया जा बस नागपुर से पुणे की तरफ जा रही थी. इस दौरान बुलढाणा के सिंदखेड़राजा के पास बस में आग लगी. प्राथमिक जानकारी में यह सामने आया है कि बस में 33 लोग सवार थे. बस में जब आग लगी, तब यात्री सो रहे थे. जब तक यात्री खतरे को भांप पाते, तब तक आग बहुत बढ़ चुकी थी. इसी वजह से कई लोगों की मौत बस में हो हुई. बस में आग रात डेढ़ बजे के करीब लगी.



#### डीजल टैंक फटने से लगी आग

प्राइवेट बस नंबर 29 बीई 1819 नागपुर से समृद्धि हाईवे होते हुए पुणे की ओर आ रही थी. इसी दौरान बुलढाणा में सिंदखेड़ राजा के पास बस का टायर फट गया और वो ड्राइवर के नियंत्रण से बाहर हो गई. इसके बाद वो एक खंभे से टकरा गई.

#### ये हैं हेल्पलाइन नंबर

जिले के एसएसपी सुनील कडासने ने बुलढाणा बस आग में 25 की मौत की पुष्टि की है. बस में कुल 33 यात्री सवार थे, जिनमें से 25 की मौत हुई है. इस आग की चपेट में आने से 8 लोग बच गए, इसमें ड्राइवर भी शामिल है. ड्राइवर ने बताया कि बस का एक टायर फट जाने से वाहन एक खंभे से टकराने के बाद डिवाइडर से टकरा गया और उसमें आग लग गई.. एसएसपी ने बताया कि इस एक्सीडेंट को लेकर एक केस दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है. हालांकि, हमारी प्राथमिकता अभी शवों की पहचान कर उन्हें परिवार के सदस्यों को सौंपना है.

### पीएम मोदी का वार

# विपक्ष में दरार; यूसीसी पर संकट में नजर आ रही है एकजुटता

एक तरफ केंद्र सरकार यूनिफॉर्म सिविल कोड यानी समान नागरिक संहिता लाने की तैयारी में जुटी हुई है। मोदी सरकार के इस कदम ने एकजुट होते विपक्ष के बीच दरार पैदा कर दी है। उनकी एकजुटता संदेह में आ रही है।

**नई दिल्ली।** एक तरफ केंद्र सरकार यूनिफॉर्म सिविल कोड यानी समान नागरिक संहिता लाने की तैयारी में जुटी हुई है। मोदी सरकार के इस कदम ने एकजुट होते विपक्ष के बीच दरार पैदा कर दी है। जहां, कुछ विपक्षी दल यूसीसी के विरोध में खड़े नजर आ रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी और शिवसेना (यूबीटी) इसके पक्ष में आ गए हैं। हालांकि कुछ विपक्षी नेताओं को इस बात का भरोसा है कि यूसीसी 23 जून को पटना में मीटिंग के दौरान बनी उनकी एकजुटता पर असर नहीं डाल पाएगा।



#### सभी मुद्दों पर एक राय होना जरूरी तो नहीं

कांग्रेस और टीएमसी के वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि जरूरी नहीं कि किसी मुद्दे पर सभी 15 दलों की राय एक समान हो। अब मध्य जुलाई में बेंगलुरू में होने वाली विपक्ष की बैठक में नौकरी, आर्थिक संकट और विपक्षी दलों के शासन वाले प्रदेशों में केंद्र के हस्तक्षेप के आरोपों पर बात होगी। टीएमसी नेता डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि सभी 15 दल एक-दूसरे की फोटोकॉपी तो हैं नहीं। उन्होंने कहा कि सभी मुद्दों पर सभी दलों का सहमत न होना कोई बड़ी बात नहीं है।

#### विपक्ष ने यह कहा

कांग्रेस के एक वरिष्ठ रणनीतिकार ने कहा कि पटना में बैठक के दौरान 15 में से 14 दल कॉमन एजेंडे पर एकता को लेकर सहमत थे। इसके तहत तय हुआ था कि भाजपा के खिलाफ एकजुट होकर लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि विपक्ष की इस बैठक के दौरान हमने दिखाया था कि पार्टी विशेष के मुद्दों से हमें कैसे पार पाना है। अरविंद केजरीवाल दिल्ली ऑर्डिनेंस पर ही ध्यान दे रहे थे और कांग्रेस से सहयोग चाहते थे।

### भारी बारिश से पहाड़ों पर भूस्खलन

# गुजरात-महाराष्ट्र में निचले इलाके डूबे; कई राज्यों के लिए अलर्ट जारी

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में मानसून सक्रिय हो गया है। उत्तर प्रदेश और बिहार के कुछ हिस्सों को छोड़, पूरे देश में जुलाई में मानसून सामान्य रहने की संभावना है। आइएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि जुलाई में पूरे देश में बारिश औसत ही रहेगी। वहीं जून में कम से कम 16 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कम बारिश हुई, बिहार और केरल में सामान्य से 69 प्रतिशत और 60 प्रतिशत की भारी कमी दर्ज की गई।



### 'काश दोबारा कर्ज न लेना पड़े...', आईएमएफ से लोन मिलने पर बोला पाक, चीन पर भी दिया बयान



पाकिस्तान और आईएमएफ के बीच कई महीनों की बातचीत के बाद तीन अरब डॉलर के बेलाउट पैकेज का समझौता हुआ है. इस एग्रीमेंट से पाकिस्तान के विदेशी मुद्रा भंडार को मजबूत करने में मदद मिलेगी. शहबाज ने कहा कि मेरी इच्छा है कि यह आखिरी बार हो कि हम आईएमएफ से कर्ज ले रहे हैं. ऐसी नौबत ना आए कि हमें कभी दोबारा कर्ज लेना पड़े. भयंकर आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने राहत की सांस ली है.

# 3 जुलाई को रायगढ़ में रोजगार मेला, भरे जायेंगे 400 पद

## स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ने कलेक्टर सिन्हा की पहल जारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन में स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे है। युवाओं में कौशल विकास तथा रोजगार के मौके उपलब्ध कराने के लिए इस दिशा में जिला प्रशासन लगातार कार्य कर रही है। ताकि प्लेसमेंट एवं रोजगार मेला के माध्यम से स्थानीय युवाओं को यहां के उद्योगों में अधिक से अधिक रोजगार मिले। बीते अप्रैल से अभी तक 1100 युवाओं को ऑफर मिल चुके है। इसी कड़ी में आगामी 3 जुलाई को रोजगार मेले का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें विभिन्न कंपनियों द्वारा 400 पदों पर भर्ती की जायेगी। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए जिला रोजगार अधिकारी रामजीत राम ने बताया कि निजी क्षेत्र की रिक्तियों में 3 जुलाई 2023 को प्रात:10 बजे से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला के माध्यम से मेसर्स चैतन्य इंडिया फिन क्रेडिट प्रा.लि.रायगढ़ में कस्टमर रिलेशनशिप ऑफिसर के लिए 50 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए न्यूनतम 12 वीं पास होना अनिवार्य है। इसी तरह मे.एसआईएस सिक्यूरिटी कंपनी लि.रायगढ़ में सिक्यूरिटी गार्ड के 50 पद एवं मे.एसआईएस सिक्यूरिटी कंपनी लि.जशपुर में सिक्यूरिटी गार्ड के 200 पदों में भर्ती की जाएगी। इसके लिए न्यूनतम 10 वीं पास होना अनिवार्य है। इसी प्रकार मे.एसआईएस सिक्यूरिटी कंपनी लि.जशपुर में ही ग्रेजुएड ट्रेनी ऑफिसर के 100 पदों पर भर्ती ली जाएगी। जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता स्नातक मांगी गयी है।





### कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देश पर रोजगार विभाग लगा रहा रोजगार मेला

गौरतलब है कि युवाओं को रोजगार मुहैय्या कराने के लिए कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने विभागीय अधिकारियों एवं उद्योग प्रतिनिधियों की बैठक लेकर अधिक से अधिक वेकेन्सी जारी कर स्थानीय युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए निर्देशित किया है। जिसके आधार पर समय-समय पर रोजगार मेला, काउंसिलिंग शिविर जैसे आयोजन किए जा रहे है। जहां आवेदकों को कंपनी से सीधा संवाद का मौका मिल रहा है तथा कई कंपनियों में भर्ती की प्रक्रिया एक साथ हो रही है। जिसका लाभ स्थानीय युवाओं को मिल रहा है।

### 1100 युवाओं को मिल चुका जॉब ऑफर

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की पहल से युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के प्रयास लगातार जारी है। बीते तीन माह में ही रोजगार मेला व उद्योगों से समन्वय कर करीब 1100 लोगों को जॉब ऑफर्स दिए जा चुके है। अप्रैल माह में जिला प्रशासन द्वारा तमनार में वृहद रोजगार मेला लगाया गया था। जहां 710 युवाओं को विभिन्न कंपनियों व संस्थानों द्वारा रोजगार दिया गया था। इसी के साथ ही स्थानीय उद्योगों व कंपनियों में प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से युवाओं को ऑफर दिए गए हैं, इसके लिए काउंसिलिंग शिविर भी लगाया गया था जहां 200 युवाओं को कंपनियों के द्वारा जॉब ऑफर दिए गए थे। अप्रेन्टिशिप योजना के तहत 200 से अधिक तकनीकी पदों पर भी टेक्नीकल योग्यता रखने वाले आवेदकों को ऑफर्स दिए गए है। आगामी 3 जुलाई को जिला रोजगार कार्यालय रायगढ़ द्वारा पुन: रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 400 पद भरे जायेंगे।

# ताईक्वांडो विधा में जशपुर जिले के 9 खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर पर हुआ चयन

## 19वीं राज्य स्तरीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता में 9 गोल्ड, 4 सिल्वर, 20 बॉन्स मेडल किया हासिल

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जिले में ताईक्वांडो खेल में प्रतिवर्ष खिलाड़ी अपने प्रतिभा का प्रदर्शन कर जिले का नाम राज्य सहित पूरे देश में रौशन कर रहे है। इसी कड़ी में जशपुर जिले के ताईक्वाडों स्टेडियम में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 12 खिलाड़ियों ने 26 जून 2023 से 29 जून 2023 को आयोजित 19वीं राज्य स्तरीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। जिसमें जिले के 12 खिलाड़ियों ने अपने प्रतिभा उच्च प्रदर्शन करते हुए 9 स्वर्ण, 4 रजत, 2 कांस्य पदक प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया है। साथ ही जशपुर जिले को ताईक्वांडो पोमसे में पूरे छत्तीसगढ़ में रनरअप प्राप्त करने में भी सफलता मिली है। कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने सभी चयनित




खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा है कि राष्ट्रीय स्तर पर चयन होना जिले के लिए बढ़े गौरव की बात है। उन्होंने सभी खिलाड़ी पूरे तन-मन से राष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए पूर्ण तैयारी करने हेतु शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि जशपुर से प्रतिवर्ष ताइक्वांडो बच्चों अच्छा प्रदर्शन कर रहे है। उन्होंने बच्चों को बेहतर प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु ताइक्वांडो कोच नंदलाल यादव को भी सराहना

### कलेक्टर ने दी सभी चयनित खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं

### नेशनल हेतु जूनियर के खिलाड़ी 4 जुलाई को बैंगलोर एवं 25 जुलाई को लखनऊ के लिए होगें रवाना

### एकलव्य खेल अकादमी जशपुर **ताईक्वांडो** के तीन खिलाड़ियों ने प्राप्त किया गोल्ड मेडल

की है। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी बच्चों की हर संभव मदद भी की जाएगी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के 5 खिलाड़ी रूद्र प्रताप सिंह ने स्वर्ण पदक के साथ ही रजत पदक, युवराज कुमार ने स्वर्ण पदक, सृष्टि एक्का रजत पदक, आयुष यादव एवं अश्विन कुमार ने कांस्य पदक प्राप्त किया है। इसी प्रकार जशपुरांचल इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्रतिक बड़ा ने स्वर्ण पदक, स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल व एकलव्य खेल अकादमी जशपुर के 3 खिलाड़ी अजय चौहान ने दो स्वर्ण पदक, अर्जुन राम ने 1 स्वर्ण एवं 1 रजत पदक एवं करण राम ने 1 स्वर्ण पदक प्राप्त किया है।

ताईक्वांडो प्रशिक्षक नंदलाल यादव ने बताया कि उक्त बच्चों को नियमित नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया कि अब यह चयनित खिलाड़ी अपने प्रतिभा का प्रदर्शन राष्ट्रीय स्तर पर करेंगे। जूनियर स्तर का प्रतियोगिता हेतु 4 जुलाई 2023 को बैंगलोर हेतु रवाना होंगें। इसी प्रकार कैडेट वर्ग के लिए चयनित खिलाड़ी 25 जुलाई 2023 को लखनऊ के लिए रवाना होगें। उन्होंने बताया कि हाल ही में जशपुर जिले से 18 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ था। जल्द ही सीनियर एवं सब जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों का भी जिला एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए जशपुर के खिलाड़ी अपने नियमित रूप से प्रशिक्षण लेकर तैयारी कर रहे है। जिले के सभी चयनित खिलाड़ियों को स्कूल के प्राचार्य, अधीक्षक, अभिभावक सहित कोच एवं खेल प्रशिक्षकों ने भी बधाई दी है।

# रेलवे ट्रेक में फंसा ट्रक फिर लगी आग

**जांजगीर-रायपुर** । सक्ती जिले के सकरेली में बीती रात एक ट्रक रेलवे फाटक के बीच फंस गया। आगे निकलने के चक्कर में ट्रक का संपर्क ऊपर लगे हाईटेंशन तार से हो गया और ट्रक में आग लग गई। हादसे के बाद रेलवे फाटक के निकट अफरा-तफरी मच गई और घंटों बाद यहां यातायात सामान्य हो पाया।

सूत्रों ने बताया कि तार और अन्य सामान लेकर एक ट्रक सकरेली रेलवे फाटक के पास से गुजर रहा था। ट्रक फूली लोडेड था, जिसकी वजह से वह फाटक पार करने के चक्कर में रेलवे ट्रेक में फंस गया। ट्रक चालक के लाख कोशिश करने के बाद भी ट्रक का पहिया रेलवे ट्रेक से निकल नहीं पा रहा था। इसी बीच ट्रक रेलवे ट्रैक के ऊपर से गुजरे हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया। इसके चलते ट्रक में आग लग गई।

# जुलाई अंत तक पूर्ण करें स्टेडियम मरम्मत का कार्य-कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा

## जिंदल के सहयोग से किया जा रहा रायगढ़ स्टेडियम का कायाकल्प

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज बोईरदादर स्थित रायगढ़ स्टेडियम का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने स्टेडियम में किए जा रहे मरम्मत कार्यों की जानकारी लेते हुए कार्यों का अवलोकन किया। कलेक्टर सिन्हा ने खिलाड़ियों एवं जन सामान्य की सुविधाओं को ध्यान में रखकर कार्य में तेजी लाने एवं सभी कार्यों को 30 जुलाई तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिन्हा रायगढ़ स्टेडियम के इंडोर



बैडमिंटन कोर्ट पहुंचे। यहां उन्होंने कोर्ट की मरम्मत कार्यों को देखा एवं गैलरी बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जिम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा की जिम के कार्य पूर्ण होने से लोगों को शहर के अंदर ही अत्याधुनिक सुविधाओं वाला जिम मिल पाएगा। उन्होंने जिम के आवश्यक उपकरणों को बदलने के निर्देश दिए। साथ ही



जिम हॉल में एसी और अन्य छोटे बड़े कार्यों को करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने टॉयलेट निर्माण की जानकारी लेते हुए निर्माणाधीन टॉयलेट का भी निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर सिन्हा ताइक्वांडो हॉल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने ताइक्वांडो हॉल को ताइक्वांडो, टेबल टेनिस के साथ मल्टी पर्पज हॉल की तरह बनाने के निर्देश दिए, ताकि बेहतर उपयोग किया जा सके। उन्होंने फ्लोरिंग कार्य के साथ सीपेज ट्रीटमेंट के कार्य को भी देखा।

इसके पश्चात कलेक्टर सिन्हा बास्केट बॉल कोर्ट पहुंचे। उन्होंने निर्माण कार्य जायजा लिया। उन्होंने कहा कि जो कार्य पहली प्राथमिकता में हैं, उन्हे अतिशीघ्र करें, ताकि खिलाड़ियों को जल्दी सुविधाएं मिल सके। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि स्टेडियम को बेहतर किया जा रहा हैं, इसका मेंटेंस अति आवश्यक है। उन्होंने स्टेडियम की साफ -सफाई एवं रख-रखाव के लिए निगम को 5 कर्मचारी प्रदान करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने स्टेडियम में पदस्थ कर्मचारियों की जानकारी ली। उन्होंने कर्मचारियों के कार्यों की समीक्षा करने एसडीएम को निर्देश दिए।

### तरण ताल में आकर्षक वॉल पेंटिंग के दिए निर्देश

तारन प्रकाश सिन्हा आज स्टेडियम स्थित तरण ताल पहुंचे। वहां उन्होंने तरणताल में स्थित सुविधाओं की जानकारी लेते हुए वहां आवश्यक मरम्मत कार्य, साफ-सफाई, पौधारोपण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दीवालों के मरम्मत के साथ इनमें स्विमिंग से संबंधित आकर्षक पेंटिग की जाए।

# युवा कांग्रेस लोकसभा प्रभारी आशीष गजनबी के प्रथम जशपुर आगमन पर युवा कांग्रेस ने किया भव्य स्वागत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अल्लाव एवम राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास ने छत्तीसगढ़ में प्रभारियों की जाल बिछा दी ज्ञात हो रायगढ़ लोकसभा प्रभारी चंडीगढ़ के तेजतर्रार युवा नेता आशीष गजनवी को बनाया गया है छत्तीसगढ़ में चुनावी माहौल तेज हो गई है। गत दिवस लोकसभा प्रभारी का आगमन जशपुर में हो चुका है आते ही प्रभारी ने जशपुर विधानसभा की समीक्षा बैठक ली बैठक में विभिन्न गतिविधियों पर गहन चर्चाएं हुई गजनवी ने युवा कांग्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि मैं भाग्यशाली हुं की मुझे छत्तीसगढ़ में प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण रायगढ़ लोकसभा में प्रभारी के तौर पे काम करने का मौका मिला गजनवी ने इसी साल होने वाले विधानसभा चुनाव को विशेष ध्यान में रखते हुए युवा



साथियों को एक्टिव मोड़ में आने को कहा साथ ही बीजेपी को आड़े हाथों लेते हुए प्रतिज्ञा भी ली की इस बार भी जशपुर के तीनों विधानसभा सीटों पर कांग्रेस की जीत होगी। पूरे चुनाव तक मैं यही आप सभी के बीच रहकर एक कार्यकर्ता की भांति काम करूंगा। युवा कांग्रेस के विस्तार को लेके उन्होंने कहा कि जो कार्यकर्ता यूथ जोड़ो बूथ जोड़ों एवम बेहतर भारत बुनियाद में ज्यादा से ज्यादा परफ ार्मेंस देगा उसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी जाएगी। गजनवी ने जशपुर के लोकप्रिय विधायक विनय भगत के कार्यों की जम कर तारीफ की इस अवसर पर जसपुर के लोकप्रिय विधायक विनय भगत जशपुर प्रभारी सुश्री पूर्णिमा सेमरिया प्रदेश महासचिव सुश्रीआशिका कुजूर प्रदेश सचिव संजय पाठक,जिला अध्यक्ष अजीत साय,डीडीसी रत्ना पैंकरा जनपद उपाध्यक्ष मनोरा संजीव भगत, सूरज चौरसिया, मनमोहन भगत,सस्त्रांसु पाठक,विधानसभा अध्यक्ष जशपुर विवेकानंद दास महंत जिला उपाध्यक्ष विदेल भगत अमित एक्का जिला महासचिव सोमल तिर्की,कपिल भगत,फ ूलचंद विश्वकर्मा,अमित महतो,रमीज, अफ ताब खान,रोहित भगत,अरशद,बृजमोहन,अंकित, लीलापथसंजय,संदीप,रामचंद्र,सुरज नाथ,शोएब,सज्जू, एमियेंका,अतुल,सुधीर,राजकुमार,सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा रही कोटा में मौजूद, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रतनपुर नगर का बूथ चलो अभियान शुरु

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ की प्रभारी कुमारी शैलजा के मार्गनिर्देशन में प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष मोहन मरकाम की उपस्तिथि में पूरे बिलासपुर जिले में बूथ चलो अभियान की शुरुवात हुई। कोटा विधानसभा में खुद प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा एवं जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी की उपस्तिथि में संपन्न हुआ बिलासपुर के विधानसभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं मोहन मरकाम की उपस्तिथि में बैठक संपन्न हुई, प्रदेश के तमाम बड़े नेता बिलासपुर जिले में मौजूद रहे और बूथों में जाकर कार्यकारिणी की जानकारी लेकर गठन सुनिश्चित



किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रतनपुर नगर के अध्यक्ष रमेश सूर्या के नेतृत्व में बूथ चलो अभियान की शुरुवात हुईए जिसमें बूथ क्रमांक 246 जोगी अमराई, 260 ओछीनापारा, 254 एवं 255 रानीपारा एवं बाजारपारा, 256 बुधवारीपारा एवं रामनगर, 262 भाठापारा, दर्रिपारा,खंडोबापारा, 250 महामाया पारा की बैठक रतनपुर प्रभारी आशीष शर्मा, बूथ के प्रभारी, जोन,सेक्टर बूथ अध्यक्ष की एवं बूथ कार्यकारिणी की उपस्तिथि में संपन्न हुई, उक्त बूथों में बैठक लेकर कार्यकारिणी सुनिश्चिय के साथ बूथ गठन,बूथ कमेटियों की सूची, सभी की सहमति, बूथ कमेटी में एजेंट एवं आने वाले दिनों में घर-घर सम्पर्क कर निर्देशित अभियानों में सभी सहभागीदारीए बूथ समितियों की नियमित बैठक,आम जन एवं कमेटी को सरकार की योजनाओं की जानकारी जैसे कई मुद्दों पर बातचीत भी गई जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष रमेश सूर्या, रतनपुर के प्रभारी जिला महामंत्री आशीष शर्मा,प्रदेश किसान सचिव एवं बूथ प्रभारी दामोदर सिंह, ब्लॉक कांग्रेस प्रभारी महामंत्री राजा रावत, युवा कांग्रेस महासचिव एवं बूथ प्रभारी रवि रावत,जोन अध्यक्ष यासीन अली, जोन अध्यक्ष जीतेन्द्र चंदेल, पार्षद एवं बूथ प्रभारी संजय कोशले,पार्षद एवं बूथ प्रभारी रॉकी अनुरागी,पार्षद अनुराग मरावी,बूथ प्रभारी शत्रुहन सोनी,बूथ प्रभारी डॉ. नीलिमा सिंह, बूथ प्रभारी अकरम अली, सेक्टर अध्यक्ष दुलाल चक्रवर्ती, सेक्टर अध्यक्ष अभिषेक कमलसेन, सेक्टर अध्यक्ष रामनिहोरा कमलसेन, बूथ अध्यक्ष शर्मा पाव,बूथ अध्यक्ष बेदराम कमलसेन,बूथ अध्यक्ष शशि गुप्ता,बूथ अध्यक्ष संजू सूर्यवंशी,बूथ अध्यक्ष संतोष धिवर,बूथ अध्यक्ष सुरेश कौशिक, बूथ अध्यक्ष दुर्गा पटेल, बूथ अध्यक्ष हरिश बेलदार एवं बूथ कार्यकारिणी की उपस्तिथि में बैठक संपन्न हुई ।

## एक नजर

# लीनेस क्लब सक्ती ने किया डाक्टर का सम्मान

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



ऑल इंडिया लीनेस क्लब सक्ती के सदस्यो ने 1 जुलाई राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर निस्वार्थ भाव से मानवता की सेवा करने वाले डाक्टर हमारे लिये भगवान ही है क्लब के द्वारा दंत चिकित्सक डॉ.आशुतोष जायसवाल का तिलक कर बुके श्रीफ ल, शाल देकर सम्मान कर केक काटकर डाक्टर डे मनाया। इस अवसर पर लीनेस अध्यक्ष विजया जायसवाल कोषाध्यक्ष अनीता राठौर, डिस्ट्रिक्ट सहसचिव अनीता सिहं,अल्का कंवर,कुशल दर्शन,सत्या जायसवाल,लछ्मी रेड्डी,प्रियंका पात्रा,पुष्पा जायसवाल,शांति जायसवाल,कुन्ती एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# अब नगर पालिकाओं में भी मितान योजना में श्रमिक कार्ड सहित 25 सेवाओं की सुविधा घर बैठे हितग्राहियों को मिलेगी

## मुख्यमंत्री ने निवास कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया शुभारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।





मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शनिवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं का विस्तार किया। इस अवसर पर बघेल ने मुख्यमंत्री मितान योजना का सभी नगर पालिकाओं में शुभारंभ किया। जिसके बाद अब मितान योजना में श्रमिक कार्ड सहित 25 सेवाओं की सुविधा घर बैठे हितग्राहियों को मिलेगी। अब तक मुख्यमंत्री मितान योजना की सुविधा नगर निगम क्षेत्र के नागरिकों को मिल रही थीं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क का भी शुभारंभ किया ताकि शहरी क्षेत्रों में भी स्टार्टअप उद्यमियों, स्व.सहायता समूहों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध हो सकें। मुख्यमंत्री के वीडियो कॉन्फ्रेसिंग कार्यक्रम में विधायक बेमेतरा आशीष छाबड़ा, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बेमेतरा शकुंतला साहू, पार्षद, जनप्रतिनिधि,जिला पंचायत सीईओ लीना मंडावी, अपर कलेक्टर छन्नू लाल मारकंडे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र उपाध्याय, सहित गणमान्य नागरिक होने कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष वर्चुअल शामिल हुए। कार्यक्रम में वर्चुअल शामिल होने की व्यवस्था की गयी थी।

# लव जिहाद का शिकार बनी युवती : आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**बिलासपुर-रायपुर** । शहर में रहकर पढ़ाई और जॉब करने वाली युवती लव जिहाद का शिकार बन गई। आरोपी ने शादी का झांसा देकर युवती का दैहिक शोषण किया और इसके बाद वह मुकर गया। युवती की शिकायत पर संकरी थाना पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। सूत्रों ने बताया कि पीड़िता बाहर की रहने वाली है। वह शहर में आकर जॉब के साथ ही साथ अपनी पढ़ाई कर रही थी।

# कसडोल खंड चिकित्सा अधिकारी पर लग रहे कई तरह के गंभीर आरोप

## अपने पद का दुरुपयोग करते हुए कई तरह के कारनामे किए जो प्रपत्र में आ रहे सामने

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

बलौदाबाजार भाटापारा जिला के कसडोल विकासखंड में जहां पर कसडोल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर खंड चिकित्सा अधिकारी पदस्थ हैं अंजन सिंह चौहान जो काफ ी समय से अपनी सेवाएं विभिन्न जगहों पर दे रहे हैं। और छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के द्वारा सराहनीय कार्य को देखते हुए उन्हें राज्य सरकार से सम्मानित भी किया गया था। मगर दिनांक में जिला कलेक्टर बलौदाबाजार के पास एक प्रपत्र प्राप्त हुआ है जिसमें नगर पंचायत कसडोल अध्यक्ष,पार्षद, तथा नगरवासी के तरफ से एक प्रपत्र जिला कार्यालय में प्राप्त हुआ है जिसमें कई सारे पहलू पर खंड चिकित्सा अधिकारी के ऊपर आरोप.प्रत्यारोप जैसे बातें लिखी हुई है जिनमें खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अंजन सिंह चौहान के विरुद्ध स्थानांतरण नीति में शासन के नियमों का उल्लंघन करने के संबंध में, एनआरसी शाखा के कर्मचारियों से अन्य शाखा की सेवाएं लेने से कुपोषित बच्चों की सेवा एवं देख भाव में प्रभाव डालने वाले अनजान सिंह चौहान के संबंध में, तथा उच्च कार्यालय विभागाध्यक्ष के आदेश का उल्लंघन करने वाले डॉक्टर अंजन सिंह चौहान के संबंध में आवेदन प्राप्त हुए।

### संचनालय स्वास्थ्य सेवाय छत्तीसगढ़ के आदेश का उल्लंघन

उपरोक्त लेख है कि संचनालय स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ विभाग अध्यक्ष कार्यालय नया रायपुर के पत्र क्रमांक/एफ 02.17/2023 विज्ञप्ति जारी कर सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश किया गया है कि शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में संलग्नीकरण समाप्त कर अधिकारी कर्मचारी को उनके मूल पदस्थापना स्थल हेतु कार्यमुक्त किया जावे जिसके परिपालन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बलौदा बाजार भाटापारा छत्तीसगढ़ ने जिले के सभी खंड चिकित्सा अधिकारियों को 9 मई 2023 को जारी कर संलग्नीकरण के तत्काल प्रभाव से समाप्त करते हुए वर्तमान में कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों को उनके मूल पदस्थापना स्थल हेतु कार्य मुक्त कर दिया गया है संचालक स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला बलौदा बाजार भाटापारा द्वारा स्पष्ट निर्देश है कि यदि अधिकारी कर्मचारियों की पदस्थापना स्थल हेतु कार्य मुक्त कर दिया गया है संचालक स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बलौदा बाजार भाटापारा द्वारा स्पष्ट निर्देशित है कि यदि अधिकारी कर्मचारी को उनके मूल पदस्थापना स्थल हेतु कार्यमुक्त किए जाने में लापरवाही किया जाता है तो उन पर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी मगर खंड चिकित्सा अधिकारी अंजन सिंह चौहान के द्वारा इस नियमों का पूर्णतः तरह पालन नहीं किया गया। और अभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल मुख्यालय के आफिस में अनेक लिपिक एवं कर्मचारी अधिकारी संलग्नरत है तथा फील्ड में अनेक आरणएचणओ;महिलाध्पुरूषद्ध स्टाफ नर्स एवं कर्मचारी संलग्न




करण के तहत अपने.अपने मनपसंद जगह में अभी वर्तमान अधिकार कार्य कर रहे हैं। और अगर मामले का बारीकी से सर्विस बुक, पे.डाटा, अटेंडेंस रजिस्टर से जांच किया जाए तो वास्तव में वस्तुस्थिति प्रत्यक्ष नजर आ जाएगी।

### कुपोषित बच्चे की सेवा एवं देखभाल में क्या आलम है

उपरोक्त लेख है कि जिले में केवल दो जगह ही कुपोषित बच्चों के उपचार हेतु पोषण पुनर्वास केंद्र एनआरसी खोला गया है जिसमें पहला पलारी तथा दूसरा कसडोल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में है किंतु वर्तमान में कनिष्ठ चिकित्सा अधिकारी जिसे खंड चिकित्सा अधिकारी कसडोल का प्रभार वर्ष 2021 में दिया गया है जिसमें कसडोल खंड चिकित्सा अधिकारी के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्टाफ नर्स को आईपीडी में ड्यूटी,ऑपरेशन थिएटर में प्रसव कार्य तथा ऑपरेशन से होने वाले प्रसव महिला के रिश्तेदार परिजनों से पैसे के लिए भी जैसे मामले का कार्य लिया जा रहा है यह पिछले प्रपत्र में अखबार में छपा हुआ है जिसमें अभी जांच होने पर पुष्टि हो जाएगी। जबकि स्टाफनर्स का मूल कार्य कुपोषित बच्चों के उपचार तथा देखरेख करना है। लगता है इसी तरह दयावंत पुरेना जोकि एनआरसी शाखा में कुक के पद पर हैं जिनको अलग कार्य के रूप में ओपीडी मरीजों का ऑनलाइन के लिए कार्य लिया जा रहा है। इसी तरह एनआरसी शाखा में तारकेश्वर कर्ष जो कि अटेंडर के पद पर है लेकिन उनको उनके कार्य से अलग कर ओपीडी मरीजों के ऑफ्लाइन पंजीयन का कार्य लिया जा रहा है। जबकि मंत्रालय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ के लिए ऑपरेटर करने के आदेश जारी किया है फिर भी न्युक्ति ना कर अन्य से कार्य लिया जा रहा है जबकि 25 अप्रैल 2023 स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ नवा रायपुर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बलौदा बाजार भाटापारा छत्तीसगढ़ में 9 मई 2023 को आदेश जारी कर स्पष्ट उल्लेख किया है कि किसी भी अधिकारी कर्मचारी को उनके मूल पदस्थापना से कार्य करने हेतु कार्यमुक्त किया जाय।

### स्थानांतरण नीति में शासन के नियमों का हुआ घोर उल्लंघन

उपरोक्त अनुसार लेख है कि संचालक स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ द्वारा तत्काल प्रभाव से संलग्न करें को समाप्त किए जाने का आदेश जारी किया गया है किंतु आदेश जारी हुए 2 महीने बीत जाने के बाद भी जिला बलौदाबाजार.भाटापारा में आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ कुमारी हर्षिता बर्मन फार्मासिस्ट ग्रेड 2 को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के आदेश अनुसार खंड चिकित्सा अधिकारी ने उन्हें भाटापारा विकासखंड के लिए कर दिया गया था तथा शासन स्तर से स्थानांतरण नीति सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल में पदस्थ भानु प्रताप वर्मा एवं कुमारी मीणा वर्मा फ ार्मेसिस्ट स्थानांतरित स्थल बलौदा बाजार के लिए किया गया।

इस प्रकार कुल टीम फ ार्मासिस्ट को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल ने अनियंत्रित कार्यमुक्त कर कसडोल में फ ार्मासिस्ट के पद को शुन्य किया जाना छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर के स्थानांतरण नीति 2022 का स्पष्ट उल्लंघन है इस तरह कसडोल में फ ार्मासिस्ट का पद पूर्णता शुन्य कर डॉक्टर अंजन सिंह चौहान खंड चिकित्सा अधिकारी ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए जीवनदीप समिति में अपने ही सगी बहन कुमारी अनुपमा चौहान को जीवनदीप समिति के तहत मासिक वेतन के दर पर नियुक्त कर दिया गया साथ ही दैनिक वेतन भोगी फ ार्मासिस्ट को विकासखंड कसडोल के स्टोर का प्रभावी भी बना दिया गया है जबकि छत्तीसगढ़ भंडार एवं क्रय नियम के तहत केवल नियमित फ ार्मासिस्ट को ही स्टोर का प्रभार दिया जाने का नियम है परंतु खंड चिकित्सा अधिकारी कसडोल द्वारा अपने ही बहन को स्टोर का प्रभार देकर नियम का उल्लंघन किया गया। इस विषय पर यह भी बात सामने आई कि कसडोल विधायक एवं संसदीय सचिव शकुंतला साहू ने अपने लेटर पैड से अनुशंसित आवेदिका कुमारी भावना कश्यप को डॉक्टर सिंह अंजन सिंह चौहान के द्वारा नियुक्त करने से मना कर दिया गया जबकि क्षेत्रीय विधायक जीवनदीप समिति सभा की अध्यक्ष हैं फिर भी उन्हें सेवा में नहीं लिया गया प्राप्त जानकारी के अनुसार कुमारी भावना कश्यप पारस नगर कसडोल में कोरोना काल मे लगभग 12 माह तक बिना वेतन के कार्य की है और डॉक्टर अंजन सिंह चौहान उस समय कसडोल के कोविड प्रभारी भी थे फिर भी कुमारी भावना कश्यप को सेवा में रखने से इंकार कर दिया गया यह सभी मामला भी जांच का विषय है कि इस तरह से जो फ ार्मासिस्ट का कार्य प्रणाली है वह कितने प्रतिशत तक सही है और क्या वास्तविक स्थिति है वह जांच में स्पष्ट होगी।

*पूरे प्रपत्र में इतनी सारी बातें लिखी गई है कि पूरे घटनाक्रम का जो शीर्षक है वहां खंड चिकित्सा अधिकारी अंजन सिंह चौहान के आसपास ही घूम रहा है और आवेदन प्राप्त होने पर जिलाधीश ने तत्काल ही आदेश दे दिया गया है जांच के लिए और 1 सप्ताह के भीतर जांच टीम के द्वारा जांच कर रिपोर्ट तैयार कर दी जाएगी नगर पालिका अध्यक्ष, वार्ड पार्षद, आवेदक तथा नगरवासी के अलावा ग्रामीणों का बात सही है क्या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल का हल किस प्रकार है, क्या एक खंड चिकित्सा अधिकारी को इस तरह के जो आवेदन की लिखी हुई बातें का कृत्य करना सही है, सभी विषयों पर जांच उपरांत ही पता चल पायगी खबर अभी बाकी है वह अगले अंक पर अधिकारियों का बयान लेकर पुनः प्रकाशित की जाएगी।*

## एक नजर

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया शहरी योजनाओं का विस्तार

## विधायक विनय भगत ने किया अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क का भूमि पूजन

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शहरी योजनाओं का विस्तार करते हुए मुख्यमंत्री मितान योजना का सभी नगर पालिकाओं में शुभारंभ किया है। इस योजना के शुरू होने से श्रमिक कार्ड सहित 25 सेवाओं की घर बैठे डिलीवरी आमजनों को होगी। इस दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क का भी शुभारंभ किया है। जिससे शहरी क्षेत्रों में भी स्टार्टअप उद्यमियों, स्व.सहायता समूहों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि अपनी सुंदर संस्कृति और कृषि आधारित मजबूत अर्थव्यवस्था के कारण हमारा छत्तीसगढ़ पूरे देश में विख्यात है। पिछले साढ़े चार वर्षों के दौरान हमारी कोशिश रही है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था के साथ-साथ राज्य की शहरी अर्थव्यवस्था को भी मजबूत किया जाए। इसी दिशा में कदम बढ़ाते हुए हमने शहरी अधोसंरचना के विकास के लिए अतिरिक्त वित्तीय संसाधन जुटाने और ऐसी योजनाएं संचालित की, जिनसे समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाया जा सके। स्लम स्वास्थ्य योजना और धन्वंतरी जैनेरिक मेडिकल स्टोर्स योजना प्रारंभ की। हर घर तक साफ पेयजल की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए पाइप लाइनों का विस्तार किया गया है। स्वच्छता के मामले में छत्तीसगढ़ को उत्कृष्ट कार्यों के लिए लगातार तीन वर्षों तक केंद्र सरकार ने पुरस्कृत किया है। राज्य सरकार द्वारा प्रति इण्डस्ट्रीयल पार्क 02 करोड़ रुपए की राशि संबंधित निकायों को प्रदान की जा रही है। अब शहरी क्षेत्रों में स्टार्टअप उद्यमियों तथा स्व.सहायता समूहों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की तर्ज पर अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क की शुरुआत हम करने जा रहे हैं। इसका वर्चुअल शिलान्यास आज किया गया है। सर्विस डिलेवरी को मजबूत करने, नागरिकों को घर बैठे प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री मितान योजना की शुरूआत की गई। छत्तीसगढ़ के नगर निगम क्षेत्रों में नागरिकों को घर बैठे विभिन्न शासकीय दस्तावेज मितान के माध्यम से उपलब्ध हो रहे हैं। मुझे आशा है कि इस अभिनव प्रयास से हमारे शहरों में रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे। साथ ही शहरी अर्थव्यवस्था को नई गति प्राप्त होगी। छत्तीसगढ़ के नगर निगम क्षेत्रों में नागरिकों को घर बैठे विभिन्न शासकीय दस्तावेज मितान के माध्यम से उपलब्ध हो रहे हैं। आज से मुख्यमंत्री मितान योजना अंतर्गत श्रमिक कार्ड सेवाओं सहित कुल 25 सेवाओं की घर बैठे डिलिवरी का विस्तार करते हुए मितान के माध्यम से प्रदेश के समस्त नगर पालिका परिषदों में उपलब्ध होगी। मितान योजना के अंतर्गत प्राप्त सेवाओं में जन्म प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र में सुधार,मृत्यु प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र में सुधार, मूल निवासी प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण और प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र, दुकान और स्थापना पंजीकरण संबंधी दस्तावेज, भूमि की रिकार्ड की नकल, भूमि सूचना भूमि उपयोग, आधार कार्ड पंजीकरण, 5 वर्ष तक के बच्चों काद्ध आधार कार्ड में पता एवं मोबाइल नंबर में सुधार, पैन नम्बर प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्रए पैन अपडेट एवं डूप्लीकेट इत्यादि सेवाएं घर बैठे मितान सेवा से प्राप्त किए जा सकते हैं। इस सेवा से लोगों को श्रम, समय और धन की बचत होगी। साथ ही प्रमाण पत्रों को प्राप्त करने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने से भी निजात मिलेगी। वास्तव में छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री मितान योजना से नागरिक सुविधाओं का विस्तार हुआ है और मितान की सेवाओं से नागरिकों को घर बैठे ही शासकीय सेवायें की सुविधा प्राप्त होगी। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री मितान योजना से लाभान्वित होने के लिये आवेदक मितान की सेवा के लिये टोलफ्री नंबर 14545 पर कॉल कर पंजीयन करा सकता है।

वर्चुअली कार्यक्रम के अवसर पर जशपुर के मंत्रणा सभाकक्ष में विधायक विनय भगत, पार्षद गण,एल्डरमैन, स्थानीय जनप्रतिनिधि गण, जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, अपर कलेक्टर आईएल ठाकुर, सीएमओ दीपक एक्का सहित गणमान्य नागरिक और नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

विधायक विनय भगत ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद देते हुए कहा की छत्तीसगढ़ के विकास के साथ जशपुर भी निरंतर आगे बढ़ रहा है शासन की हर योजनाओं का क्रियान्वयन हो रहा है सभी वर्ग के लोगों को लाभ मिल रहा है तथा स्व सहायता की महिलाएं विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित हो रही है। उन्होंने उपस्थित जनों को अपनी सहभागिता देकर योजनाओं का लाभ लेने कहा। उन्होंने मुख्यमंत्री मितान योजना के सदस्य को टैब प्रदान किया। मितान टैब से दस्तावेजों का अपलोड कर सेवा प्रदाय करेंगे। इस दौरान विधायक भगत ने करबला में बनाए जा रहे अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क का भूमि पूजन किया।

## विकास तीर्थ दर्शन के तहत विधायक ने मोदी सरकार द्वारा हुए विकास कार्यों का दौरा किया

**धमतरी** । केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा महा जनसंपर्क अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमे विकास तीर्थ दर्शन के तहत केंद्र सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों का विधायक ने दौरा किया। जहा जिला शासकीय अस्पताल पहुंच कर वन नेशन वन डायलिसिस प्रोग्राम के तहत चल रही डायलिसिस यूनिट का सीएमएचओ डॉ एस के मंडल, सिविल सर्जन डॉ ए के टोन्डर, डॉ वानखेड़े, डॉ राकेश सोनी, गुरुशरण साहू के साथ निरीक्षण किया तो वहीं पीएम केयर्स फंड से कोरोना महामारी के समय लगे ऑक्सीजन प्लांट का जायज़ा लिया तत्पश्चात फोर लेन निर्माण कार्य देखने एन एच पहुंची जहाँ उन्होंने आसपास के ग्रामीणों से चर्चा किया। पर्यटन के दृष्टिकोण से केंद्र सरकार द्वारा जीवन दायिनी महानदी के संरक्षण के लिए गंगरेल में हो रहे विकास कार्यों को पहुंच कर देखा।

जारी प्रेस नोट में विधायक श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दीनदयाल उपाध्याय के सपनो को आत्मसात करते हुए देश के अंतिम छोर का विकास करने में कोई कसर नहीं छोड़ा है प्रदेश में भाजपा की सरकार न होने के बावजूद बिना भेदभाव किए विकास के पथ पर धमतरी को जोड़ा है । जिले की बहुप्रतीक्षित मांग बड़ी रेल लाइन, फोरलेन रोड के लिए जनता ले बहुत लंबी प्रतीक्षा की उसके बाद जब केंद्र में हमारी सरकार आई तो प्राथमिकता से मोदी सरकार ने धमतरी की इन मांगों को पूरा किया,वहीं स्वास्थ्य के क्षेत्र में अविस्मरणीय कार्य देश की मोदी सरकार ने किया है जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण जिला अस्पताल में लगा डायलिसिस यूनिट है।

## कुनकुरी में मतदान केंद्र प्रबंधन योजना के तहत कार्यशाला की गई आयोजित

### मतदान केंद्र प्रबंधन प्लान का कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।





शासकीय कन्या उत्तर माध्यमिक विद्यालय कुनकुरी में विगत दिवस कुनकुरी विधानसभा के समस्त बीएलओ की मतदान केंद्र प्रबंधन योजना बीएलओ प्लान के तहत कार्यशाला आयोजित की गई। तहसीलदार कुनकुरी नोडल अधिकारी नागेश कुमार तांजय द्वारा कार्यशाला में कुनकुरी क्षेत्र के उपस्थित 101 मतदान केंद्र के बीएलओ तथा समस्त पटवारियों को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुनकुरी के निर्देश से अवगत कराते हुए बेहतरीन कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। नायब तहसीलदार द्वारा सभी कर्मचारियों को उनके दायित्व के बारे में समझाते हुए मतदान केंद्र प्रबंधन योजना का कार्य समय.सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। तांजय के द्वारा सभी बीएलओ से पात्र किसी भी मतदाता का नाम दर्ज होने से नहीं छूटने का प्रमाण पत्र मांग किया गया। जिस पर मतदान केंद्र क्रमांक 22 खरवाटोली के बीएलओ कुमारी हिरामुनी एक्का द्वारा सबसे पहले आत्मविश्वास के साथ दावा करते हुए किसी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में नहीं छूटने का प्रमाण पत्र जमा किया गया। जिस पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए तहसीलदार कुनकुरी द्वारा बीएलओ को पुरस्कृत किया गया। मतदान केंद्र प्रबंधन योजना की कार्यशाला का संचालन मास्टर ट्रेनर यूसी नंदे, शिक्षक दीपक सारडा एवं कानूनगो कुनकुरी प्रभु शंकर श्रीवास्तव, निर्वाचन शाखा के कर्मचारी बसंत मिंजए बिट्टू श्रीवास, नानपति प्रधान, संदीप मिंज, समीर बाबूराम के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## सिमोन मिंज के पक्के मकान का सपना हुआ पूरा

### प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पक्का आवास बनाने के लिए मिली थी स्वीकृति

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना से लोगों का अपना पक्का मकान बनाने का सपना सच हो रहा है। रोटी कपड़ा और मकान एक आदमी के जीवन की बुनियादी आवश्यकता हैं। जिसे पुरा करने के लिए जीवन भर मेहनत करता हैं। आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों के लिए स्वयं का आवास एक सपना से कम नहीं। शासन प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत् गरीब एवं पिछड़े वर्ग के लिए अपना स्वयं का आवास बनवाने के सपने को सकार कर रहीं है। इसी कड़ी में कुनकुरी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत लोधमा निवासी 77 वर्ष के सिमोन मिंज का पक्का आवास बनाने का सपना पूरा हुआ है। सिमोन के पास दो कमरे की पुश्तैनी कच्ची झोपड़ी थी। जिसमें अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ मुश्किल से जीवन यापन कर रहा थे। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत वर्ष 2018-19 में पक्का आवास बनाने के लिए उसकी स्वीकृति प्रदान की गई।

शासन से अनुदान में मिली राशि और कुछ राशि स्वयं की बचत एवं बच्चों की कमाई से अतिरिक्त राशि मिलाकर अपना स्वयं पक्का मकान बना लिया। अब वह अपने बच्चों के साथ पक्के मकान में रहता हैं। सिमोन मिंज ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिलता तो वह कच्चे एवं टुटे फुटे मकान में निवास करते रहता। अब प्रधानमंत्री आवास योजना की मदद से उसकी सारी समस्याएं हल हो चुकी हैं। अब वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ खुशी पूर्वक जीवन यापन कर रहा हैं। पक्का मकान का सपना पूरा होने से खुशी जाहिर करते हुए सिमोन ने शासन एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया है।

### अपने पत्नी और बच्चों के साथ खुशी पूर्वक जीवन यापन कर रहे



## पीजी कॉलेज बेमेतरा में अतिरिक्त विषय प्रारंभ करने एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन

### जिले के सबसे बड़े कॉलेज, फिर भी नहीं स्नातकोत्तर में जीव विज्ञान, एलएलबी समाज शास्त्र,हिंदी जैसे प्रमुख विषय

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



वर्तमान समय में सभी शैक्षणिक संस्थाओं में शिक्षा से संबंधित एक्टिविटी चल रही है। वही जिले में भी लगभग सभी कॉलेज में प्रवेश से संबंधित प्रक्रिया चल रही है इसी बीच बेमेतरा जिला के सबसे बड़े कॉलेज पीजी कॉलेज बेमेतरा में स्नातक स्नात्तकोत्तर विषय की प्रवेश प्रक्रिया जारी है परंतु पीजी कॉलेज बेमेतरा में स्नात्तकोत्तर के कई विषय जैसे एमएससी में जीव विज्ञान,एलएलबी, एमए में समाजशास्त्र,हिंदी जैसे प्रमुख विषय ही नहीं हैं जिसके चलते पीजी कॉलेज बेमेतरा के आसपास दूरदराज के विद्यार्थी इन विषयों में अध्ययन करने के लिए जिला से बाहर कॉलेज जाना पड़ता है उक्त सभी विषयों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई बेमेतरा के कार्यकर्ताओं ने आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ के नाम पीजी कॉलेज बेमेतरा में ज्ञापन सौंपा व मांग कीये है कि उक्त सभी विषय महाविद्यालय में प्रारंभ किया जाए जिससे विद्यार्थी आसानी से अपनी पढ़ाई कर सके। अभाविप छत्तीसगढ़ प्रांत के सेवार्थ विद्यार्थी संयोजक दुर्गेश वर्मा ने बताया कि जिले के इतने बड़े कॉलेज में ऐसे प्रमुख विषयों का ना होना विद्यार्थियों के लिए चिंता का विषय है। अतः उक्त मांगों को तुरंत पूरा करने की आवश्यकता है अभाविप दुर्ग विभाग के विभाग छात्रा प्रमुख मुस्कान कोठारी ने बताया कि विषय नहीं होने के चलते छात्राएं को आगे पढ़ाई करने में समस्या आती है व पढ़ाई वही स्थगित करना पड़ता है नगर मंत्री दुर्गेश्वर वर्मा ने बताया कि उक्त मांगे अगर पूरा नहीं हुआ तो हम चरणबद्ध तरीके से आंदोलन की ओर भी बढ़ेंगे। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई बेमेतरा के नगर सह मंत्री वासुदेव साहू,खुसबू साहू,अजय देवांगन,गौरव वर्मा, राज वर्मा,जैविक प्रशाद,कैलाश प्रजापति,गामिनी डहरे सहित पीजी कॉलेज के विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# सत्यप्रेम की कथा- दूसरे दिन धुआंधार रही कियारा- कार्तिक की फिल्म की कमाई, किया तूफानी कलेक्शन

सत्यप्रेम की कथा ने रिलीज के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरुआत दर्ज की है. फिल्म ने अपने पहले दिन 9.25 करोड़ रुपये के साथ शानदार कमाई की है. हालांकि दूसरे दिन फिल्म के कलेक्शन में गिरावट आई, लेकिन इसके बावजूद इसने अच्छा बिजनेस किया.



**नई दिल्ली।** कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की मोस्ट अवेटेड फिल्म सत्यप्रेम की कथा आखिरकार 29 जून को रिलीज हो गई. बकरीद के मौके पर फिल्म को रिलीज किया गया. सत्यप्रेम की कथा ने रिलीज के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरुआत दर्ज की है. फिल्म ने अपने पहले दिन 9.25 करोड़ रुपये के साथ शानदार कमाई की है. सत्यप्रेम की कथा ने पहले दिन 9.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. इसके साथ ही कार्तिक आर्यन ने अपने करियर की तीसरी सबसे बड़ी ओपनिंग बुक कर ली है.

### दूसरे दिन का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन

हालांकि दूसरे दिन फिल्म की कमाई में गिरावट देखने को मिली. सत्यप्रेम की कथा ने दूसरे दिन यानी शुक्रवार को (शुरुआती अनुमान) भारत में 7.20 करोड़ की कमाई की. यानी दो दिनों के अंदर फिल्म ने 16.45 करोड़ रुपए कमा लिए हैं. वैसे तो यह सिर्फ शुरुआत है. वर्किंग डे होने के बावजूद फिल्म ने दूसरे दिन अच्छा बिजनेस किया. अब मेकर्स और क्रिटिक्स की नजरें वीकेंड यानी शनिवार और रविवार पर टिकी हुई हैं. माना जा रहा है कि वीकेंड पर फिल्म के कलेक्शन में जबरदस्त उछाल देखने को मिलेगा. सत्यप्रेम की कथा को एनजीई और नम: पिक्चर्स ने मिलकर बनाया है. दिलचस्प बात यह है कि साजिद नाडियाडवाला और शरीन मंत्री केडिया ने किशोर अरोड़ा और निर्देशक समीर विद्वांस के साथ अपनी अपनी फीचर फिल्मों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीता हैं.

# मुकेश-नीता अंबानी ने राम चरण की बेटी को दिया इतना कीमती तोहफा! जानकर रह जाएंगे शॉक



साउथ इंडस्ट्री के पावर कपल राम चरण और उपासना कुछ दिन पहले ही पैरेंट्स बने हैं। हाल ही में एक खबर सामने आई है कि मुकेश और नीता अंबानी ने राम चरण की न्यू बॉर्न बेबी को एक बेहद महंगा तोहफा दिया है जिसकी कीमत लाखों में है। आज कपल की लाडली का नामकरण भी आयोजित किया गया है।

**नई दिल्ली।** राम चरण और उनकी पत्नी उपासना कामिनेनी साउथ सिनेमा के सबसे पसंदीदा कपल्स में से एक हैं। 20 जून 2023 उनकी जिंदगी का सबसे खूबसूरत दिन था, क्योंकि इस दिन दोनों पहली बार माता-पिता बने। राम चरण और उनकी पत्नी उपासना कामिनेनी ने अपने घर में एक नन्ही परी का स्वागत किया। शादी के 11 साल बाद पैरेंट्स बनकर दोनों सातवें आसमान पर हैं। बॉलीवुड से लेकर साउथ इंडस्ट्री तक के सितारों ने उन्हें माता-पिता बनने की ढेर सारी बधाइयां दी थीं।

## मुकेश-नीता ने राम चरण की बेटी को दिया बड़ा तोहफा!

देश के सबसे रईस बिजनेसमैन मुकेश अंबानी और उनकी पत्नी नीता अंबानी ने भी कपल को बधाई के साथ उनकी लाडली को एक प्यारा तोहफा दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुकेश अंबानी और नीता अंबानी ने राम चरण-उपासना की न्यू बॉर्न बेबी को एक महंगा सोने का पालना तोहफे में दिया है। फिलहाल, अभी तक इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### आज होगी राम चरण की बेटी का नामकरण

राम चरण और उपासना की बेटी का आज उनके घर पर ग्रैंड तरीके से नामकरण होगा। राम और उपसाना के घर पर जोर-शोर से तैयारियां हो रही हैं। उपासना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर नामकरण सेरेमनी की झलक दिखाई है। इंस्टाग्राम स्टोरी में देखा जा सकता है कि घर को फूलों से सजाया गया है, जिसे देख लगता है कि राम और उपासना की बेटी की नामकरण सेरेमनी ट्रेडिशनल तरीके से मनाई जाएगी।

# दीपिका कक्कर ने बताई प्री-मैच्योर डिलीवरी की वजह, बोलीं- 'ब्लीडिंग देखकर उड़ गए थे होश'

हाल ही में, टीवी एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ ने अपनी प्री-मैच्योर डिलीवरी की वजह बताते हुए अपना एक्सपीरियंस शेयर किया है। आइए आपको बताते हैं।



टीवी एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ ने 21 जून 2023 को अपने बेटे के जन्म के साथ मदरहुड की जर्नी की शुरुआत की है। हालांकि, उनकी डिलीवरी प्री-मैच्योर थी और उनके बेबी का जन्म समय से एक महीने पहले हुआ है। हाल ही में, दीपिका ने मां बनने के बाद पहला व्लॉग शेयर किया है, जिसमें उन्होंने अपनी डिलीवरी वाली रात की पूरी कहानी बताई है, साथ ही प्री-मैच्योर डिलीवरी की वजह का भी खुलासा किया है।

दीपिका ने अपने लेटेस्ट व्लॉग में बच्चे के समय से पहले जन्म की पूरी कहानी बताते हुए कहा, %%हम शोएब के जन्मदिन के डिनर के बाद लगभग 1.45 बजे घर लौट आए थे। मैं जब सोने जा रही थी, तब मुझे पीरियड जैसा दर्द महसूस हुआ, मुझे लगा ये नॉर्मल होगा, लेकिन बाद में मैं घबरा गई, क्योंकि यह असामान्य था। ब्लीडिंग देखकर मैं डर गई थी। मैंने शोएब से डॉक्टर को बुलाने के लिए कहा।

**जब ब्लीडिंग देखकर डर गई थीं दीपिका कक्कड़-** उन्होंने आगे कहा, फिर शोएब ने डॉक्टर को कॉल किया और पूरी स्थिति बताई, तो डॉक्टर ने कहा कि डिलीवरी हो सकती है। उन्होंने करीब 3 बजे हमें अस्पताल आने की सलाह दी। मुझे रोने का मन हो रहा था, मैं चिंतित थी और कई विचार मन में आ रहे थे। मुझे ब्लीडिंग हो रही थी। तब शोएब ने मुझे शांत रहने को कहा और फिर हम हॉस्पिटल के लिए निकल गए।

# बिग बॉस ओटीटी-2: जद हदीद-आकांक्षा पुरी के किसिंग को यूजर ने बताया 'लव जिहाद'

बिग बॉस ओटीटी 2 इन दिनों आकांक्षा पुरी और जद हदीद के किसिंग को लेकर सुर्खियों में है। सभी की नजरें वीकेंड का वार पर टिकी हैं। देखना होगा कि सलमान खान का क्या रिएक्शन होता है। एक टास्क के दौरान आकांक्षा पुरी और जद हदीद ने 30 सेकेंड लंबा किस किया। उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। कई यूजर्स ने इसे पब्लिसिटी स्टंट बताया। एक यूजर ने इस पूरे मामले को एक नया ही एंगल दे दिया और लव जिहाद बता दिया। अब इस पर टीवी एक्ट्रेस देवोलीना भट्टाचार्य ने जवाब दिया है।

### किस करने को लेकर चर्चा में जद-आकांक्षा

यूजर ने कहा, क्या आपको लगता है कि बॉलीवुड का बायकॉट कर दिया होता और उनका लव जिहाद को लेकर स्पॉन्सरशिप बंद हो जाता? नहीं, सलमान भाई के बिग बॉस ओटीटी ने अब इसे देशभर के हर मोबाइल और हर टीनएजर तक पहुंचा दिया है। पहले जद हदीद ने आकांक्षा पुरी को जबरदस्ती पकड़ने की कोशिश की जिसे उसने मना कर दिया। दूसरी बार उसने कैमरे पर 40 सेकेंड तक लंबा स्मूच किया। यह तो अभी शुरुआत है।



### यूजर पर भड़कीं देवोलीना

इसे लव जिहाद बताने पर देवोलीना ने जवाब में लिखा, अगर आप हर बेकार चीज को लव जिहाद से जोड़ने की कोशिश करते हैं तो इसका कोई मतलब नहीं है। यह एक रियलिटी शो है। बस इतना ही। अगर मैं गलत नहीं हूं तो यह यह हिम्मत ना ही घरवालों ने दी, ना ही बिग बॉस ने और ना ही चैनल ने दी।

## जवान का एक और एक्शन सीन लीक, पुलिस स्टेशन के इस सीन को देख फैन्स बौखलाए

जवान का टीज़र जब आएगा, तब आएगा. मगर फिल्म से लगातार सीन्स लीक हो रहे हैं. पहले एक एक्शन सीन का क्लिप बाहर आया. इसमें शाहरुख कुछ गुंडों को बेल्ट से पीट रहे थे. फिर फिल्म के गाने की शूटिंग से वीडियो लीक हो गईं. इसमें गाना भी सुनाई आ रहा था. अब जवान का एक नया एक्शन सीन लीक हो गया है. फैन्स इसे डीएम (डायरेक्ट मैसेज) में एक-दूसरे के साथ शेयर कर रहे हैं. उसके स्क्रीनशॉट्स भी ट्विटर पर चल रहे हैं. हम आपको वो वीडियो या स्क्रीनशॉट्स नहीं दिखा सकते. क्योंकि प्रोडक्शन कंपनी रेड चिलीज़ ताक में बैठी रहती है. वो कुछ समय तक लीक हुई तस्वीरें और वीडियोज़ को सोशल मीडिया पर छोड़ती है. उसके बाद स्ट्राइक मारना शुरू कर देती है. इस फेर में कई शाहरुख खान फैन अकाउंट्स बंद हो गए. इसलिए बिल्कुल रिक्स नहीं लेने का.



### टी20 में जमाया दोहरा शतक

# टेस्ट में बनेगा भारत के लिए आफत, 140 किलो वजनी खिलाड़ी से खतरा



भारतीय टीम जुलाई में वेस्टइंडीज के दौर पर होगी. इस दौरे पर टीम इंडिया शुरुआत दो मैचों की टेस्ट सीरीज से करेगी.इस सीरीज के लिए टीम इंडिया का चयन तो हो गया है और भारत के खिलाड़ी वहां पहुंचने भी लगे है.वेस्टइंडीज ने भी तैयारी शुरू कर दी है. सीरीज की शुरुआत से पहले मेजबान टीम कैम्प में हिस्सा लेगी और इसके लिए सेलेक्शन पैनल ने 18 खिलाड़ियों को चुना है जो कैम्प में तैयारी करेंगे.इन्हीं में से अंतिम टीम चुनी जाएगी. इन 18 खिलाड़ियों में से सेलेक्टर्स ने एक ऐसा खिलाड़ी चुना है

जो टी20 में दोहरा शतक जमा चुका है.ये खिलाड़ी है रहकीम कॉर्नवॉल. भारत और वेस्टइंडीज पहला टेस्ट मैच 12 से 16 जुलाई के बीच डॉमीनिका में खेलेंगे जबकि दूसरा मैच 20 जुलाई से 24 जुलाई तक पोर्ट ऑफ स्पेन में खेला जाएगा.इसके लिए वेस्टइंडीज की फाइनल टीम का ऐलान कुछ दिनों बाद होगा. कॉर्नवॉल ने इंटरनेशनल स्तर पर वेस्टइंडीज के लिए अभी तक टेस्ट मैच ही खेले हैं.

उन्होंने अपना टेस्ट डेब्यू 2019 में भारत के खिलाफ ही किया था. तब से लेकर अब तक वह नौ टेस्ट मैच खेल चुके हैं.

इस ऑलराउंडर ने अभी तक दो फिफ्टी जमाई हैं और अपनी ऑफ स्पिन से 34 विकेट लिए हैं. रहकीम अपने खेल के साथ-साथ अपनी कदकाठी के लिए काफी चर्चा में रहते हैं.उनकी हाइट तकरीबन छह फुट पांच इंच हैं तो वजन 140 किलो है.

# केकेआर के गेंदबाज ने 9वें नंबर पर आकर ठोका ताबड़तोड़ शतक

आईपीएल 2023 का हाल ही में समापन हुआ था। कई खिलाड़ी उस टूर्नामेंट में जलवा बिखेरते नजर आए थे तो कई ने निराश भी किया था। इसके अलावा कुछ खिलाड़ियों ने बेंच पर बैठकर ही अपना पूरा सीजन बिता दिया था।




अब आईपीएल के बाद भी आईपीएल के खिलाड़ी चर्चा में हैं। दरअसल अब चर्चा टी20 क्रिकेट नहीं बल्कि फर्स्ट क्लास क्रिकेट यानी रेड बॉल क्रिकेट की है। आपको बता दें कि 28 जून से दलीप ट्रॉफी का आगाज हुआ हैं। जहां क्वार्टरफाइनल में नॉर्थ जोन का सामना नॉर्थ ईस्ट जोन से हो रहा है। जयंत यादव की अगुआई वाली नॉर्थ जोन की टीम ने पहली पारी में 540 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया है। नॉर्थ जोन के लिए इस पारी में तीन शतक लगे। ध्रुव शोरे ने 135 रनों की पारी खेली। इसके बाद सीएसके के 19 वर्षीय ऑलराउंडर निशांत सिंधू ने 150 रनों की अद्भुत पारी से सभी को प्रभावित किया। फिर उसके बाद जो हुआ वो था असली कारनामा। आईपीएल 2022 और 2023 में इस खिलाड़ी को केकेआर के लिए अक्सर गेंदबाजी करते देखा गया था। किसी ने नहीं सोचा था कि रेड बॉल क्रिकेट में यह खिलाड़ी एक अच्छा बल्लेबाज भी साबित हो सकता है। महज 20 लाख के बेस प्राइज पर आईपीएल में खरीदा गया यह खिलाड़ी आईपीएल में तो नहीं लेकिन यहां दलीप ट्रॉफी में अपने बल्ले से भी चमका। अपनी टीम नॉर्थ जोन के लिए 9वें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे। 372 के स्कोर पर टीम का 7वां विकेट गिरा था जब वह सेट बल्लेबाज निशांत का साथ देने क्रीज पर आए। उन्होंने फिर नॉर्थ ईस्ट के गेंदबाजों की ऐसी धुनाई शुरू की कि 86 गेंदों पर ही उन्होंने 122 रन बना डाले। अपनी इस पारी में हर्षित ने 12 चौके और 9 छक्के जड़े और महज 75 गेंदों में ही शतक पूरा कर लिया था। उनकी इस बेहतरीन पारी की बदौलत नॉर्थ का स्कोर 540 तक पहुंच गया। आईपीएल में राणा के नाम 8 मैचों में 6 विकेट दर्ज हैं। वहीं उनके बल्ले से 3 पारियों में सिर्फ दो रन आए। 8वें विकेट के लिए निशांत और हर्षित ने 104 रन जोड़े थे। हर्षित 122 रन बनाकर नाबाद रहे और जयंत यादव ने पारी घोषित करने का निर्णय लिया। आठवें नंबर के खिलाड़ी पुलकित नारंग ने भी 120 गेंदों पर 46 रन बनाते हुए अच्छा योगदान दिया। निशांत सिंधू ने 245 गेंदों पर 150 रनों की जबरदस्त पारी खेली। उनको आईपीएल 2023 के लिए 60 लाख रूपए में खरीदा गया था। पर एमएस धोनी की अगुआई वाली इस चैंपियन टीम में उन्हें एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला। अब उन्होंने अपने बल्ले से टीम मैनेजमेंट को मुंहतोड़ जवाब देते हुए अपनी प्रतिभा की पहचान करवाई है। निशांत एक बाएं हाथ के बल्लेबाज और बाएं हाथ के ही गेंदबाज हैं। अब देखना होगा घरेलू क्रिकेट में वह अपने इस प्रदर्शन को कब तक जारी रखते हैं। अगर वह परफॉर्म करते रहे तो निश्चित ही वह अगले साल येलो आर्मी के स्टार कंटेंडर साबित हो सकते हैं। वहीं राणा की बल्लेबाज देखकर भी निश्चित ही केकेआर का मैनेजमेंट खुश हुआ होगा।

### रफ्तार के कहर में बना बड़ा रिकॉर्ड

# इंग्लैंड की धरती पर शाहीन आफरीदी का कमाल, एक ओवर में ही झटके 4 विकेट

**नई दिल्ली.** स्पोर्ट्स डेस्क। इंग्लैंड की धरती पर पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी का जलवा खूब देखने को मिल रहा है। विटैलिटी टी-20 ब्लास्ट टूर्नामेंट में अब अफरीदी ने एक और कमाल करके दिखाया है। वारविकशायर के खिलाफ खेले गए मुकाबले में फास्ट बॉलर ने पारी के पहले ही ओवर में चार विकेट अपने नाम किए और विपक्षी टीम के बैटिंग ऑर्डर को तहस-नहस करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अफरीदी पारी के पहले ही ओवर में चार विकेट झटकने वाले पहले गेंदबाज भी बन गए हैं। टी-20 ब्लास्ट टूर्नामेंट में शाहीन अफरीदी नॉटिघमशायर की तरफ खेल रहे हैं। टूर्नामेंट की शुरुआत से ही



पाकिस्तान का यह तेज गेंदबाज बेहतरीन लय में दिखाई दिया है। विकेट चटकाने के साथ-साथ अफरीदी ने इंग्लिश कंडिशंस का फायदा उठाते हुए बल्लेबाजों को जीना हराम कर रखा है। वारविकशायर के खिलाफ खेले गए मुकाबले में शाहीन ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए अपने चार ओवर के स्पेल में सिर्फ 29 रन खर्च करते हुए चार बड़े विकेट झटके। इंग्लिश बैटर्स पर फूटा पूर्व कप्तान का गुस्सा, बोले- श्वह्न की इगो से खेल रहा दरअसल, पहले बल्लेबाजी करते हुए नॉटिघमशायर की पूरी टीम 168 रन बनाकर ऑलआउट हुई। 169 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वारविकशायर के बल्लेबाजों को रोकने के लिए कप्तान ने पहले ही ओवर में गेंद शाहीन अफरीदी के हाथों में थमाई। अफरीदी ने ओवर की पहली गेंद वाइड फेंकी और उस पर चार रन भी विपक्षी टीम को मिले।

## वर्ल्ड कप सेमीफाइनल को लेकर क्रिस गेल की भविष्यवाणी



विराट कोहली को मानसिक और शारीरिक रूप से बेहद मजबूत क्रिकेटर बताते हुए वेस्टइंडीज के आक्रामक बल्लेबाज क्रिस गेल ने कहा कि भारत में होने वाले विश्व कप में उनका दबदबा रहेगा और उनका मानना है कि भारत के अलावा पाकिस्तान, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड अंतिम चार में पहुंच सकते हैं.

एक दिवसीय विश्व कप पांच अक्टूबर से 19 नवंबर तक भारत में खेला जाना है. भारतीय टीम ने आखिरी आईसीसी ट्रॉफी 2013 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में चैम्पियंस ट्रॉफी जीती थी लेकिन पिछले एक दशक से भारत की झोली आईसीसी टूर्नामेंटों में खाली रही है. गेल ने भाषा से बातचीत में कहा ,''भारत ही क्यो, वेस्टइंडीज ने भी 2016 के बाद से आईसीसी खिताब नहीं जीता है. भारत के पास बेहतरीन खिलाड़ी हैं .

# पाकिस्तान का वर्ल्ड कप खेलना पक्का नहीं, सरकार उठाने जा रही है अहम कदम

**नई दिल्ली.** वनडे वर्ल्ड कप आयोजन भारत में होना है और टूर्नामेंट का पूरा शेड्यूल तक जारी हो चुका है. आयोजन 5 अक्टूबर से 19 नवंबर के बीच होना है. लेकिन अब तक पाकिस्तान के वर्ल्ड कप में खेलने को लेकर फैसला नहीं हो सका है. पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड पहले ही साफ कर चुका है कि सरकार की ओर से अनुमति मिलने के बाद ही टीम भारत जाएगी. अब खबर आ रही है कि पाकिस्तान का सुरक्षा दल भारत आएगा और उनकी तरह से पॉजीटिव रिपोर्ट मिलने के बाद ही बाबर आजम की अगुआई में टीम को भारत भेजने पर फैसला लिया जाएगा. न्यूज




एजेंसी पीटीआई के अनुसार, खेल मंत्रालय एक अधिकारी ने बताया कि ईद की छुट्टियों के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के नए अध्यक्ष चुने जाने जाएंगे. इसके बाद विदेश और आंतरिक मंत्रालय सहित सरकार तय करेगी कि सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल को भारत कब भेजा जाए. उन्होंने कहा कि सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल में पीसीबी के भी अधिकारी रहेंगे.

# हमारी कोशिश ग्रामीण के साथ-साथ शहरी अर्थव्यवस्था को भी मजबूत बनाने की-मुख्यमंत्री

## रायगढ़ शहर में 2 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होगा अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क, मुख्यमंत्री ने किया शिलान्यास

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं का विस्तार किया। इसमें रायगढ़ निगम क्षेत्र अमलीभौना में 3 एकड़ भूमि पर दो करोड़ की लागत से अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क शिलान्यास, खरसिया नगर पालिक परिषद में मितान योजना का शुभारंभ और दो मेडिकल मोबाइल यूनिट का उद्घाटन शामिल है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क का भी शुभारंभ किया, ताकि शहरी क्षेत्रों में भी स्टार्टअप उद्यमियों, स्व-सहायता समूहों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध हो सकें। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मोबाईल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मितान योजना का सभी नगर पालिकाओं में शुभारंभ किया। इससे श्रमिक कार्ड सहित 25 सेवाओं की सुविधा घर बैठे हितग्राहियों को मिलेगी। अब तक मुख्यमंत्री मितान योजना की सुविधा नगर निगम क्षेत्र के नागरिकों को मिल रही थीं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क का भी शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा अब शहरी क्षेत्रों में स्टार्टअप उद्यमियों तथा स्व-सहायता समूहों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की तर्ज पर अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क की शुरुआत हम करने जा रहे हैं। इसका वर्चुअल शिलान्यास आज किया गया है। सर्विस डिलिवरी को मजबूत करने, नागरिकों को घर बैठे प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री मितान योजना की शुरूआत की गई। छत्तीसगढ़ के नगर निगम क्षेत्रों में नागरिकों को घर बैठे विभिन्न शासकीय दस्तावेज मितान के माध्यम से उपलब्ध हो रहे हैं। मुझे आशा है कि इस अभिनव प्रयास से हमारे शहरों में रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे, साथ ही शहरी अर्थव्यवस्था को नई गति प्राप्त होगी। छत्तीसगढ़ के नगर निगम क्षेत्रों में नागरिकों को घर बैठे विभिन्न शासकीय दस्तावेज मितान के माध्यम से उपलब्ध हो रहे हैं। आज से मुख्यमंत्री मितान योजना अंतर्गत श्रमिक कार्ड सेवाओं सहित कुल 25 सेवाओं की घर बैठे डिलिवरी का विस्तार करते हुए मितान के माध्यम से प्रदेश के समस्त नगर पालिका परिषदों में उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत आज 01 लाखवें हितग्राही को यहां प्रमाण पत्र दिया गया है। थोड़े समय में ही इस योजना से लाभान्वित नागरिकों की संख्या काफी उत्साहजनक है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि अपनी सुंदर संस्कृति और कृषि आधारित मजबूत अर्थव्यवस्था के कारण हमारा छत्तीसगढ़ पूरे देश में विख्यात है। पिछले साढ़े चार वर्षों के दौरान हमारी कोशिश रही है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था के साथ-साथ राज्य की शहरी अर्थव्यवस्था को भी मजबूत किया जाए। इसी दिशा में कदम बढ़ाते हुए हमने शहरी अधोसंरचना के विकास के लिए अतिरिक्त वित्तीय संसाधन जुटाने और ऐसी योजनाएं संचालित की, जिनसे समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाया जा सके।








### इंडस्ट्रियल पार्क विकास के लिए 2 करोड़ रुपये की मिली स्वीकृति

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि महात्मा गांधी अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क के लिए अमलीभौना में 3 एकड़ भूमि चिन्हांकित किया गया है। इसमें तकनीकी सलाहकार एजेंसी के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। इसी तरह उद्योग विकास और मूलभूत सुविधाएं जैसे बिजली, पानी, सड़क और नाली आदि कार्य प्रक्रियाधीन है। इंडस्ट्रियल पार्क के विकास के लिए मुख्यमंत्री द्वारा करीब 2 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। महात्मा गांधी अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क के तहत गोबर पेंट उत्पादन, ढाबा कम बकरी, अगरबत्ती निर्माण, अर्बन नर्सरी कास्टिंग प्लास्टिक वेस्ट पेलेटाईजेशन यूनिट, कुल्हड़ निर्माण टायर रिट्रेडिंग यूनिट, वेस्ट पेपर पुनर्चक्रण कर फाइल कवर इत्यादि निर्माण, फिनाइल निर्माण आदि उद्योग स्थापित करना प्रस्तावित है।

### खरसिया नगर पालिका में मितान योजना का शुभारंभ

*खरसिया नगर पालिका परिषद में मितान योजना का शुभारंभ किया गया है। अब यहां भी जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र, जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन, आधार सुधारने, पैन कार्ड सहित अन्य सुविधा घर पहुंच सेवा शुरू होगी। इसी तरह मेडिकल मोबाइल यूनिट के तहत दो एमएमयू की स्वीकृति दी गई है। जिसमें एक दाई, दीदी क्लीनिक व एमएमयू का संचालन नगरीय निकाय में किया जाएगा।*

**एक नजर**

## जोन अध्यक्ष अनिल यादव के नेतृत्व में बुथ चलो अभियान के दूसरा दिन

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



बेलतरा विधानसभा क्षेत्र मे बुथ चलों अभियान का प्रशिक्षण हुआं ग्राम पंचायत सेमरताल के बेड़ापारा में प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ सम्पन्न। बुथ चलो अभियान प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेलतरा विधानसभा के तत्वाधान मे ग्राम पंचायत सेमरताल के बेड़ापारा में प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत एक आवश्यक बैठक रखी गई हैं। जिसमें बुथ अध्यक्ष और बुथ के सभी प्रभारियों को प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि अपने-अपने बुथ पर किस तरह से काम करना है और वोटर लिस्ट मे नाम जोड़वाने व नाम सुधारने और छुटे हुए मतदाता का नाम जोड़वाने की प्रशिक्षण दिया गया और अपने-अपने पोलिंग बुथ मे सक्रिय रहकर शासन की सभी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है इस कार्यक्रम में छाया विधायक, राजेन्द्र साहू डब्बू मंडी सदस्य अनिल यादव भूपेंद्र भारद्वाज, लक्ष्मी गहवाई, युदनंदन कौशिक, किशन पटेल, टिकम सिंह, जोन प्रभारी एवं सेक्टर एवं बूथ प्रभारियों की उपस्थिति रहे।

## विस्फोटकों के साथ मिलिशिया कमांडर गिरफ्तार

**नारायणपुर-रायपुर** । जिले के असनार गांव में नक्सली शिविर के साथ सुरक्षाबलों ने एक मिलिशिया कमांडर को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। सूत्रों ने बताया कि नारायणपुर जिले के असनार गांव में जहां नक्सली शिविर का पता चला तो वहीं सर्चिंग पर निकले संयुक्त टीम को जंगल में छिपे मिलिशिया कमांडर को दबोचने में भी कामयाबी मिली है। सुरक्षा बल माओवादी विरोधी अभियान के तहत थाना तर्रेम क्षेत्र में जिला पुलिस बल और सीआरपीएफ 168वीं कम्पनी का संयुक्त बल गश्त कर रहा था, इसी दौरान एरिया डॉमिनेशन टीम ने विस्फोटकों के साथ एक माओवादी कमांडर को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि टीम जब पटेलपारा तर्रेम के पास टेकरी के पास पहुंची तो जंगल में एक संदिग्ध व्यक्ति टीम को देखकर छिपने का प्रयास कर रहा था।

# अवैध शराब बिक्री करने वालों पर चक्रधरनगर पुलिस की ताबड़तोड़ कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के अवैध शराब बिक्री व पिलाने के लिए संसाधन उपलब्ध कराने वालों पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। अभियान के क्रम में आज थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर के नेतृत्व में चक्रधरनगर पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर ग्राम तिलगा में दो स्थानों पर शराब रेड कार्यवाही किया गया। जहां मोटरसाइकिल पैशन प्रो पर शराब परिवहन कर रहे आरोपी पवन कुमार चौहान पिता दिलीप सिंह चौहान उम्र 30 साल निवासी तिलगा थाना चक्रधर नगर से मोटरसाइकिल पर प्लास्टिक थैला के अंदर प्लास्टिक जरकिन में रखा हुआ कुल 50 लीटर महुआ शराब की तस्करी करते आरोपी को पकड़ा गया है। आरोपी से अवैध शराब के साथ परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल पैसन प्रो क्रमांक सीजी 13 एपी 8173 की जब्ती की गई है। वहीं ग्राम तिलगा में आरोपी बालाराम राठिया अपने घर पर अवैध शराब बिक्री की सूचना पर रेट कार्यवाही किया गया। आरोपी बालाराम राठिया पिता स्व अर्जुन राठिया उम्र 20 वर्ष साकिन तिलगा थाना चक्रधरनगर के घर परछी में अवैध बिक्री के लिए रखी हुई 10 लीटर महुआ शराब की जब्ती की गई है। अवैध शराब पर ताबड़तोड़ कार्यवही के क्रम में सुबह करीब 11.30 बजे जमुना इन चौंक से केलो पुल के बीच पैदल अवैध बिक्री के लिये शराब लेकर जा रहे आरोपी सुधीर चौहान पिता स्व प्रमोद चौहान उम्र 60 वर्ष निवासी 12 खोली रामभाठा थाना कोतवाली रायगढ़ को पकड़ा गया है आरोपी के पास से 8 बोतल देशी मदिरा मसाला शराब बरामद हुआ है । तीनों आरोपियों पर थाना चक्रधर नगर में अलग-अलग आबकारी एक्ट की धारा 34 (2), 59 (क) के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को रिमांड पर भेजा गया है। एसएसपी सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन तथा एडिशनल एसपी संजय महादेवा व सीएसपी अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर शराब रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेरए प्रधान आरक्षक हेम प्रकाश सोन, श्याम देव साहू, महिला प्रधान आरक्षक समुद रनकर आरक्षक अभय यादव, चंद्र कुमार बंजारे की अहम भूमिका रही है ।







# पौधा तुंहर द्वार योजना का विधायक प्रकाश नायक ने किया शुभारंभ

## नगर निगम क्षेत्र के लोगों को नि :शुल्क पौधा उपलब्ध करायेगा वन विभाग

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

राज्य शासन के निर्देशानुसार वन विभाग रायगढ़ द्वारा 1 से 31 जुलाई तक 'पौधा तुंहर द्वार' योजना चलायी जा रही है। जिसका विधिवत शुभारंभ आज रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक ने गांधी पुतला चौक से किया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल भी उपस्थित रहे। विधायक प्रकाश नायक ने वृक्ष की महत्ता के बारे में बताया और कहा कि हर खुशी के मौके पर हमें एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। अपने जन्मदिन, विवाह की वर्षगांठ जैसे अवसर पर एक पौधा लगाये और उस पौधे के पेड़ बनने तक उसका ख्याल रखना चाहिए। जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने वृक्षारोपण और इसके संरक्षण के बारे में बताया तथा छत्तीसगढ़ सरकार की इस योजना की सराहना की। इस मौके पर विधायक नायक ने उपस्थित लोगों एवं आने-जाने वाले राहगीरों को एक-एक पौधा का वितरण किया। साथ ही पौधा तुंहर द्वार योजना के अंतर्गत पौधा वितरण वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टाइलो मंडावी ने योजना के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी और उसके लाभ के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि रायगढ़ नगर निगम वासियों को नि:शुल्क पौधो का वितरण वन विभाग के द्वारा किया जा रहा है। जिसका लाभ पाने हेतु इच्छुक हितग्राही कार्यालीन दिवस में प्रात: 10 से शाम 6 बजे तक टोल फ्री नंबर 18002332631 में कॉल कर के अपना पूरा नाम, पता, नोट करवा कर इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है। यह योजना 31 जुलाई 2023 तक चलेगी। विभिन्न प्रजातियों के दो लाख से अधिक पौधा वितरण करने का लक्ष्य विभाग ने रखा है। कार्यक्रम का संचालन डिप्टी रेंजर राजकुमार सारथी ने किया और आभार प्रदर्शन वन परिक्षेत्र अधिकारी लीला पटेल द्वारा किया गया। इस दौरान वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।




**पौधों के लिए टोल फ्री नंबर 18002332631 में कर सकते है संपर्क**




# जिला पुलिस के 6 पुलिसकर्मी हुए सेवानिवृत्त, पुलिस कार्यालय में दी गई विदाई



जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिला पुलिस बल रायगढ़ में लंबी सेवा देते हुये अपनी 62 वर्ष आयु पूर्ण कर आज 6 पुलिसकर्मी रिटायर्ड हुए जिसमें उपनिरीक्षक एडमोन खेस थाना घरघोड़ा, सहायक उपनिरीक्षक सोहन लाल साहू थाना कोतवाली, सहायक उपनिरीक्षक धनेश्वर प्रसाद भारद्वाज थाना चक्रधरनगर, सहायक उपनिरीक्षक हुलस राम जायसवाल थाना खरसिया, प्रधान आरक्षक ताराचंद पटेल थाना कोतवाली और आरक्षक जीवन लाल श्रीवास थाना अजाक शामिल हैं । सेवा निवृत्त हो रहे सभी कर्मठ और ड्यूटी के प्रति बेहद ईमानदार पुलिसकर्मियों द्वारा विभाग को 35-40 साल सेवा दिया गया है। विभागीय परंपरानुसार पुलिस कार्यालय में सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के लिए आज सम्मान कार्यक्रम रखा गया था जिसमें सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के परिजन भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में चर्चा दौरान सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों ने अपनी सेवा अवधि के कुछ बेहद खास पलों को साझा किए इस दौरान उपस्थित पुलिसकर्मी भावभीन थे। सेवानिवृत पुलिसकर्मियों को एडिशनल एसपी संजय महादेवा द्वारा दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं देते हुये विभाग को दी गई लंबी सेवा प्रदान करने के लिए विभाग की ओर से कृतज्ञता प्रकट किये। सेवा निवृत्त हो रहे पुलिसकर्मियों को उनके साथी स्टाफ द्वारा भी पुष्प गुच्छ देकर शुभकामनाएं दिया गया। सेवा सम्मान कार्यक्रम में खरसिया एसडीओपी निमिषा पांडे, यातायात डीएसपी सुशांतो बनर्जी, रक्षित निरीक्षक अमरजीत खुंटे तथा पुलिस कार्यालय के समस्त स्टाफ मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में यूआईपीए का किया शुभारंभ

## मुख्यमंत्री ने मितान और स्लम स्वास्थ्य योजना का किया विस्तार

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शनिवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से सभी नगर पालिकाओं में मितान योजना का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क का भी शुभारंभ किया। मितान योजना में श्रमिक कार्ड सहित 25 सेवाओं की सुविधा घर बैठे हितग्राहियों को मिलेगी। जनपद पंचायत सारंगढ़ के कक्ष से इस लाइव कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष पदमा घनश्याम मनहर, जनपद पंचायत सारंगढ़ की अध्यक्ष मंजू मालाकार, नगरपालिका परिषद सारंगढ़ की अध्यक्ष सोनी अजय बंजारे, उपाध्यक्ष रामनाथ सिदार, अरूण मालाकार, गोल्डी नायक, सूरज तिवारी, कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी, अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, सीएमओ राजेश पांडेय, सीईओ अभिषेक बनर्जी सहित हितग्राहीगण उपस्थित थे। कलेक्टर सहित अतिथियों ने इस कार्यक्रम के दौरान दीप प्रज्जवलित किया और हितग्राहियों को जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान किए। अब तक मुख्यमंत्री मितान योजना की सुविधा नगर निगम क्षेत्र के नागरिकों को मिल रही थीं। अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क यूपा से शहरी क्षेत्रों में भी स्टार्टअप उद्यमियों, स्व.सहायता समूहों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध हो सकें। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मोबाईल मेडिकल यूनिट एमएमयू को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उल्लेखनीय है कि नागरिकों में नीली गाड़ी के नाम से मशहूर एमएमयू की बड़ी लोकप्रियता है, जिसके बाद नागरिकों की आवश्यकताओं को देखते हुए गाड़ियों की संख्या बढ़ाई गई है। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि नवगठित जिलों के साथ-साथ विभिन्न जिलों के जनप्रतिनिधियों द्वारा मोबाईल मेडिकल यूनिट की मांग की जा रही थी। इन मांगों को देखते हुए आज मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तृतीय चरण में शामिल 30 एमएमयू का प्रतीकात्मक शुभारंभ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत अब तक 51 लाख हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है। ये आंकड़े अपने आप में इस योजना की सफलता की कहानी कह रहे हैं। कार्यक्रम में नगरीय प्रशासन मंत्री शिव कुमार डहरिया ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में नागरिकों के लिए सुविधा बढ़ाई जा रही है। इसके साथ ही अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क के शुभारंभ से शहरी लोगों के लिए रोजगार भी बढ़ेंगे। इस अवसर पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति मंत्री अमरजीत भगत, नगरीय प्रशासन विभाग के विशेष सचिव डॉ अय्याज फकीर भाई तंबोली, संचालक नगरीय प्रशासन डॉ सारांश मित्तर, सूडा के सीईओ सौमिल रंजन चौबे, अतिरिक्त सीईओ आशीष टिकरिहा एवं वर्चुअल रूप से विभिन्न जिलों से अधिकारी एवं हितग्राही उपस्थित थे।






### कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने मितान के रूप में हितग्राहियों को दी राशन कार्ड

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शनिवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से सभी नगरपालिकाओं में मितान योजना का शुभारंभ किया। मितान योजना में श्रमिक कार्ड सहित 25 सेवाओं की सुविधा घर बैठे हितग्राहियों को मिलेगी। योजना के विस्तार के शुभारंभ के ही दिन कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने नगरपालिका परिषद सारंगढ़ के मितान के रूप में टेंगनापाली के संतोषी रात्रे और संगीता सत्यम को राशन कार्ड दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, सीएमओ राजेश पांडेय सहित हितग्राही के परिजन उपस्थित थे।

शहरी योजनाओं का विस्तार सेवा पहुंच रही आपके द्वार

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया नगर निगम चिरमिरी में यूपा का वर्चुअल उद्घाटन

## 75 उद्यमियों को रोजगार देने की सकारात्मक पहल

जोहार छत्तीसगढ़–एमसीबी।






मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शनिवार को अपने निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से यूपा योजना का वर्चुअली लोकार्पण किया। एमसीबी जिले में जिलास्तरीय कार्यक्रम नगर निगम चिरमिरी के सभागार में आयोजित किया गया। महात्मा गांधी अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क यूपा अर्थात् अर्बन आजीविका पार्क योजना के क्रियान्वयन हेतु नगर पालिक निगम चिरमिरी के वार्ड क्रमांक 01 चित्ताझोर पोड़ी में कुल 1.51 हेक्टेयर 3.1 एकड़ में स्थापित किया जा रहा है जिसमें कुल 6 संभावित गतिविधियां फर्म, एसएचजी, उद्यम, प्रारंभ करने से 25 महिलाओं और 50 पुरुषों को मिलाकर लगभग 75 लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। इसी तरह मनेंद्रगढ़ नगरपालिका क्षेत्र में भी शीघ्र ही यूपा प्रारंभ किया जाएगा। मनेंद्रगढ़ नगरपालिका में भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा मितान योजना का विस्तार किया गया। नई लेदरी और झगराखंड के लिये एक एमएमयू प्रदान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक डॉ. विनय जायसवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा नगर निगम चिरमिरी को यूपा का सौगात दिया गया है। यूपा के माध्यम से स्थानीय युवाओं, महिलाओं और उद्यमियों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। दूर–दराज के लोगों को भी निगम क्षेत्र में यूपा प्लेटफार्म दिया जायेगा जिससे स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे। नये जिले के निर्माण से पूरे क्षेत्र को लाभ हो रहा है। मितान योजना के विस्तार और नये एमएमयू के संचालन से नागरिकों को लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने में आसानी होगी। जनता के हितों को ध्यान में रखकर योजना बनाने वाले जनहितैषी सरकार को धन्यवाद। वर्चुअल कार्यक्रम में सीजीएमएससी के संचालक एवं मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ. विनय जायसवाल, महापौर चिरमिरी कंचन जायसवाल, नगरपालिका अध्यक्ष मनेंद्रगढ़,प्रभा पटेल, उपाध्यक्ष मनेन्द्रगढ़ कृष्ण मुरारी तिवारी, नगरपालिका अध्यक्ष झगराखण्ड जनीश पांडे, कलेक्टर नरेंद्र कुमार दुग्गा, निगम आयुक्त सुश्री लवीना पांडे,एसडीएम बीएस मरकाम, मुख्य नगरपालिका अधिकारी मनेंद्रगढ़ इशहाक खान, क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, नगर निगम के पार्षद, एल्डरमैन, चैम्बर ऑफ कॉमर्स के सदस्य एवं निगम के अधिकारी कर्मचारी जुड़े थे।

## कलेक्टर लंगेह ने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना तहत जिले में स्वीकृत कार्यों की समीक्षा

जोहार छत्तीसगढ़–कोरिया।




कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आज जिला पंचायत पंचायत कार्यालय सभाकक्ष में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक में निर्माण एजेंसियों से योजनांतर्गत स्वीकृत स्कूल मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत स्वीकृत स्कूल मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्यों में उच्च गुणवत्ता के साथ कार्यों में प्रगति लाने के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर लंगेह ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन अभियंता, एसडीएओ, तकनिकी अधिकारियों को फिल्ड में भ्रमण कर मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत स्वीकृत निमार्ण कार्यो को समय–सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस योजना के तहत सभी कार्यों को प्रारंभ करने तथा मरम्मत कार्यो को 31 जुलाई तक पूर्ण करने के निर्देश दिए साथ ही कार्य पूर्णतः प्रमाण पत्र जारी करने को कहा। कलेक्टर ने स्वीकृत कार्यो के कार्य आदेश जारी करने के बाद भी कार्य प्रारंभ नहीं करने वाले ठेकेदारों विरूद्ध सक्त कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने कार्य पूर्ण व प्रगतिरत कार्यो का फ टोग्राफ लेकर पोर्टल में अपलोड करने के निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी अनिल जायसवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत जिले के 357 स्कूल भवनों का जीर्णोद्धार कार्यों के लिए चयन किया गया है। जिसमें कार्यों की 259 प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है एवं 98 प्रशासकीय स्वीकृति शेष है, उन्होंने बताया कि 201 कार्य प्रारंभ हुआ हैए जिसमें 70 कार्य पूर्ण एवं 131 कार्य प्रगतिरत है। बैठक में कलेक्टर ने जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद अंग्रजी एवं हिन्दी माध्यम के प्राचार्यों से स्कूल के संचालन पर चर्चा करते हुए बेहतर संचालन आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्कूलों में चल रहे निर्माण कार्यों की जानकारी ली। बैठक में स्कूल के प्राचार्यों ने अपनी समस्यों से अवगत कराया इस पर कलेक्टर ने हर संभव समस्यों का निराकरण करने की बात कही। उन्होंने सभी प्राचार्यों को 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षा में जिले के विद्यार्थी टॉप 10 में आये इसके लिए अभी से कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए।

# शिविर लगाकर श्रमिकों का किया जा रहा पंजीयन नवीनीकरण

### दूरस्थ वनांचल भरतपुर में 150 हितग्राहियों को मिला श्रम कार्ड शिविर का लाभ

जोहार छत्तीसगढ़–एमसीबी।



कलेक्टर नरेंद्र कुमार दुग्गा के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में जनपद पंचायत और नगरीय निकायों में पंजीयन शिविर लगाकर नवीन श्रम कार्ड बनाये जा रहे हैं। जनपद पंचायत भरतपुर में आयोजित शिविर में श्रम अधिकारी द्वारा शिविर में बताया गया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पंजीकृत महिला श्रमिक को प्रथम 2 प्रसव पर मिनीमाता महतारी जतन योजना, पंजीकृत श्रमिकों के प्रथम 2 बच्चों को नौनिहाल छात्रवृति, मेधावी छात्र–छात्रों हेतु मेधावी छात्र–छात्रा शिक्षा प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक आवास योजना, पंजीकृत श्रमिक के प्रथम दो पुत्रियों को मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना, 59 से 60 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिकों को मुख्यमंत्री श्रमिक सियान योजना, पंजीकृत श्रमिक के मृत्यु पर मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना जैसे जन्म से मरण तक की विभिन्न महत्कांक्षी योजनाएं संचालित किया जाता है। इन योजनाओं का लाभ लेने श्रमिकों को अपना पंजीयन एवं जिनका पंजीयन नवीनीकरण की वैधता समाप्त हो चुकी है उन्हें अपना पंजीयन नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। श्रमिक अपना पंजीयन, पंजीयन नवीनीकरण एवं संचालित योजनाओं हेतु आवेदन जिला श्रम कार्यालय, नजदीकी च्वाइस सेंटर या मोबाइल एप श्रमेव जयते से कर सकते हैं। श्रम पदाधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 जून से 30 जून तक जनपद पंचायत भरतपुर के सभाकक्ष में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मण्डल के अन्तर्गत निर्माण श्रमिकों के पंजीयन के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से 110 नवीन पंजीयन और 40 हितग्राहियों का नवीनीकरण नवीनीकरण किया गया। शिविर में कल्याण निरीक्षक संजय राजवाड़े, डाटा एंट्री ऑपरेटर राजकुमार मरिया,ी नागेश राजवाड़े उपस्थित थे।



## आरक्षक धर्मराज विश्वकर्मा को बेमेतरा पुलिस द्वारा भाव पूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।



26 जून 2023 की रात्रि में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा में पदस्थ आरक्षक धर्मराज विश्वकर्मा बेमेतरा सिटी कोतवाली क्षेत्र के कवर्धा रोड नेशनल हाईवे मार्ग में भवानी फ्यूल्स के समीप सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से चोट लगने पर समुचित उपचार हेतु रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान 30 जून 2023 को सुबह अकास्मिक निधन हो गया। आरक्षक धर्मराज विश्वकर्मा जिला कबीरधाम के ग्राम खडोदा खुर्द का रहने वाला है जहां उनके गृह ग्राम खडोदा खुर्द में अंतिम संस्कार किया गया। उक्त जवान के निधन पर बेमेतरा जिले के एसपी एवं आलाअधिकारियों सहित पुलिस स्टाफ के साथियों ने शोक जताया है। बेमेतरा पुलिस उनके परिजनों से मुलाकात कर एक्स ग्रेसिया राशि के रूप में एक सहयोग प्रदाय कर भाव पूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

## एक नजर

### टी एस सिंहदेव को अचानक अंतिम समय में उपमुख्यमंत्री बनाया जाना कांग्रेस के सत्ता जाने के डर को उजागर करता-महेश प्रसाद

जोहार छत्तीसगढ़–एमसीबी।



लगभग 15 वर्ष के बाद काग्रेस विगत साढ़े चार साल से कांग्रेस सत्ता में आई है। वह भी तब जब घोषणापत्र में कांग्रेस ने लोक लुभावन घोषणाएं की जिस घोषणा पत्र के प्रभारी सरगुजा के महाराज टी एस सिंह देव रहें। लेकिन कांग्रेस आलाकमान द्वारा सबको हैरान करते हुए भूपेश सरकार को मुख्यमंत्री के रूप में कमान दी गई और सिंहदेव को स्वास्थ्य मंत्री के रूप में संतोष करना पड़ा। लेकिन कांग्रेस की राजनीति ने कभी भी टीएस सिंह देव को गंभीरता से नहीं लिया और ढाई–ढाई साल की मुख्यमंत्री के वादे को भूलकर मुख्यमंत्री के रूप में भूपेश सरकार को यथावत रखा हालाकि इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं है लेकीन यह बात किसी से छुपी भी नहीं है। और इन साढ़े चार साल के कार्यकाल में कई बार सरगुजा महाराज टी एस सिंहदेव को नजरअंदाज किया गया लेकिन महाराज सिंह देव ने भी अपने सहनशीलता का परिचय दिया और कांग्रेस पार्टी से किसी अन्य दल में जाने से साफ तौर पर इंकार करते नजर आए लेकिन सोचने वाली बात यह है किए ऐसा क्या हुआ कि जिस इंसान को हमेशा से नजरअंदाज किया गया आज उसे अचानक से उपमुख्यमंत्री के पद पर बैठा दिया गया जबकि अब चुनाव महज कुछ महीनों में ही संपन्न होने हैं यह इस बात को साफ तौर पर दर्शाता है कि टीएस सिंहदेव का विरोध करना भुपेश सरकार के लिए बहुत बड़ी क्षति है। कांग्रेस अपने घोषणाओं पर खरी नहीं उतर सकी है इस कारण उसे अपने सत्ता जाने का डर सताने लगा है और यह इनके मतभेदों को मिटाने की नाकाम कोशिश है। हालांकि टी एस सिंहदेव एवं भूपेश बघेल ने कभी भी गुटबाजी होने की बात को स्वीकार नहीं किया लेकिन समर्थकों ने इस बात को हमेशा से साबित किया है कि वे अपने अपने नेताओं के साथ हैं कांग्रेस में कुर्सी का लोभ अत्यंत चरम पर है जिस कारण ढाई ढाई साल वाला फार्मूला इनका फेल हो गया किंतु सोचने वाली बात है कि अचानक ऐसा क्या हुआ कि सिंह देव को आलाकमान द्वारा अंतिम समय में उपमुख्यमंत्री के पद पर स्थापित करना पड़ा इसका सीधा कारण है कि अब कांग्रेस को सत्ता जाने का डर सताने लगा है और ऐसे में यदि कांग्रेसियों का एक भी नीव का पत्थर हिला तो कांग्रेस सरकार धड़ाम से जमीन पर आएगी क्योंकि जनता तो तत्कालीन सरकार की नीतियों को देख चुकी है और सरकार को उन पर पूरा भरोसा है कि अगली सरकार इनकी नहीं होगी।

### पीएटी,पीवीपीटी भर्ती परीक्षा 2 जुलाई को

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा कल रविवार 2 जुलाई को प्रातः 09:00 बजे से 12:15 तक पीएटी पीवीपीटी भर्ती परीक्षा 2023 आयोजित है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि इस परीक्षा में जिले के तकरीबन 1200 परीक्षार्थी शामिल होंगे। उक्त परीक्षा के सफल संचालन एवं परीक्षार्थियों के सुविधा की दृष्टि से बेमेतरा 03 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। जिसमें शास.पं. जवाहर लाल नेहरू विज्ञान एवं कला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेमेतरा, लक्ष्मण प्रसाद बैद्य शास.कन्या महाविद्यालय बेमेतरा एवं शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय बेमेतरा है। परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थी प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र की मूल प्रति अपने साथ अनिवार्य रूप से रखें। व्यापम से प्राप्त निर्देशानुसार परीक्षा के दौरान परीक्षा कक्ष में मोबाइल, कैलकुलेटर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आदि ले जाना प्रतिबंध है। कलेक्ट पीएस एल्मा ने परीक्षा के सफल संचालन के लिए उड़नदस्ता दल पहले ही गठित।

### ट्रेलर ने बाइक सवार राजमिस्त्री को रौंदा

**कोरबा-रायपुर** । दीपका से बलौदा की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई।

सूत्रों ने बताया कि हादसा हरदी बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत धतूरा के पास की है। एक ट्रेलर दीपका से बलौदा की ओर तेज रफ्तार से जा रही थी। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे एक बाइक सवार को उसने रौंद दिया। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पतासाजी के बाद मृतक की पहचान रामशंकर पटेल निवासी बलौदा के रूप में की गई है। बताया गया कि मृतक राम शंकर चौकाबूढ़ा से काम कर अपने घर लौट रहा था। मृतक राम शंकर राजमिस्त्री का काम करता था। हादसे के बाद से ही ट्रेलर चालक वाहन छोड़कर भाग निकला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया जांजगीर के खोखसा रेल्वे ओव्हरब्रिज का शुभारंभ

जोहार छत्तीसगढ़–जांजगीर–चांपा।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय मे आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में जांजगीर–चांपा जिला मुख्यालय के समीप खोखसा में नवनिर्मित रेल्वे ओव्हरब्रिज का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने लोगों को बधाई देते हुए कहा कि 10 साल के लंबे इंतजार के बाद आज इसका उदघाटन हुआ। इसके बन जाने से अब लोगों को आवागमन में सहुलियत होगी। यह ओव्हरब्रिज चांपा और जांजगीर को जोड़ने का काम करेगा। गौरतलब है कि जांजगीर–चांपा जिला मुख्यालय से गुजरने वाली हावड़ा–मुम्बई रेल मार्ग में इस रेल्वे ओव्हर ब्रिज के निर्माण से क्षेत्रवासियों को अब बारहमासी बाधारहित आवागमन की सुविधा हो गई है। इसके निर्माण से प्रतिदिन लगभग 9 से 10 हजार लोगों को जिला कलेक्टोरेट तथा तहसील कार्यालय तक आने.जाने में कोई परेशानी नहीं होगी। 1168 मीटर लम्बाई के इस ब्रिज का निर्माण 29 करोड़ रूपए से अधिक की राशि से किया गया है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत जांजगीर चम्पा से वर्चुवल रूप से कार्यक्रम से जूड़े इस दौरान उन्होंने कहा कि बहुत प्रयासों से इसे स्वीकृत कराया गया था। यह ब्रिज जांजगीर और चांपा को जोड़ रहा है। हम सब मिल जुलकर गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के सपने को साकार करेंगें। डॉ महंत ने पुल के शुभारंभ होने पर क्षेत्र की जनता को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सांसद जांजगीर–चांपा गुहाराम अजगल्ले ने खोखसा रेलवे ओवर ब्रिज के शुभारंभ होने से जिलेवासियों को शुभकामनाएं व बधाई देते हुए कहा कि इस ब्रिज के शुभारंभ से चांपा और जांजगीर के निवासियों में खुशी की लहर है। यह पल जांजगीर–चांपा जिले के इतिहास में कई वर्षों तक याद रखा जाएगा। छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष एवं विधायक जांजगीर ने कार्यक्रम कहा यह रेलवे ओवर ब्रिज के लिए हम सबने मिल जुलकर प्रयास किया है। यह ब्रिज जनताओं को समर्पित है। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने सभी जनप्रतिनिधियों व आमजनों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया और कहा कि मुख्यमंत्री के हाथों इस रेलवे ब्रिज को हम क्षेत्रवासियों को समर्पित कर रहे हैं। इस रेलवे ब्रिज का निर्माण 2013 में प्रारंभ हुआ था जोकि 2023 में समाप्त हुआ। जांजगीर–चांपा जिले की पुष्पा चंद्रा ने मुख्यमंत्री से वर्चुअल बातचीत करते हुए कहा कि 10 साल बाद इस ओव्हरब्रिज का उदघाटन हो रहा है। इससे अंचल के लोगों की वर्षों पुरानी मांग आज पुरी हुई है। श्वेता जायसवाल ने कहा कि जाज्वल्य देव की नगरी के नाम से जाना जाने वाला जांजगीर में एक दशक के इंतजार के बाद इस ब्रिज का लोकार्पण हो रहा है।



यह सभी जांजगीर वासियों के लिए हर्ष का विषय है। सेवानिवृत्त आयुर्वेद अधिकारी डॉ परसराम शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के जन के मन में यह विश्वास है भूपेश है तो भरोसा है जांजगीर.चांपा को आज बड़ी सौगात मिली है। इससे आवागमन की सुविधा सुगम होगी। एंबुलेंस चालक विजय थवाईथ ने कहा कि इस ओव्हरब्रिज के बनने से अब मरीजों को पहले रेल्वे फाटक के बंद होने से इंतजार करना पड़ता था अब इससे छुटकारा मिल गया है। मरीजों को लाने ले जाने में अब सहुलियत होगी। हम सब मुख्यमंत्री के प्रति आभारी है।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, जिला–जशपुर ( छ.ग. )**

// **ईश्तहार**//

क्रमांक/357/वाचक/ अपर कले./2023
जशपुर दिनांक–20/06/2023

सर्व साधारण को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री आकाश ताम्रकार आ.हीरालाल ताम्रकार,उम्र–30 वर्ष, जाति–ठठेरा, निवासी ग्राम–डुगडुगिया तहसील– कुनकुरी जिला–जशपुर (छ.ग.) प्रथम पक्ष एवं कु. ज्योति एक्का आ.याकुब एक्का, उम्र–25 वर्ष, जाति–उरांव निवासी डीपाटोली, तहसील कुनकुरी जिला–जशपुर (छ.ग.) द्वितीय पक्ष ने विशेष विवाह अधिनियम, 1954 की धारा–05 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर उनके बीच विवाह अनुष्ठापित कर प्रमाण–पत्र प्रदाय की जाने हेतू आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

2/ इस विवाह अनुष्ठापित के संबंध में जिस किसी को आपत्ति हो वे दिनांक 20/07/2023 को स्वतः या अधिवक्ता के मार्फत आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**अपर कलेक्टर**
एवं विशेष विवाह अधिकारी,
जशपुर (छ.ग.)
सील

**न्यायलय तहसीलदार जशपुर, जिला–जशपुर ( छ.ग. )**

रा.प्र.क. 2023020314
00217/अ–21/2022–23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व संबंधित नगर जशपुर, प.ह.नं.–07 के समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक नैऋत्यापाय साय.आ. चन्द्रिका प्रसाद जाति रौतिया निवासी–ग्राम खरवाटोली तहसील कुनकुरी जिला–जशपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम जशपुर स्थित भूमि खसरा नं. 974/2 रकबा 0.078 हे.में से परिवर्तित रकबा 0.040 हे.भूमि विक्रय किये जाने की अनुमति कलेक्टर महोदय जशपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किये जाने एवं जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु अनुविभागीय अधिकारी रा. जशपुर के माध्यम से इस न्यायलय को जांच कर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किये जाने हेतु प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त मामले की सुनवाई इस न्यायलय में दिनांक 12/7/2023 को नियत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का कोई आपत्ति हो तो वे अपना लिखित आपत्ति स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति /दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/6/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
जशपुर (छ.ग.)
सील

# भूपेश की भ्रष्ट व्यवस्था स्कूली बच्चों को सिखा रखी खाने की थाली से पानी फेकना-ओपी

## सोशल मीडिया में वायरल विडियों के हवाले से ओपी का भूपेश सरकार पर कटाक्ष

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

लोरमी विकास खंड के एक सरकारी स्कूल में बच्चों द्वारा खाने की थाली से बरसात का पानी फेके जाने की घटना के वायरल विडियो के हवाले से प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने भूपेश सरकार पर तीखा कटाक्ष करते हुए कहा छत्तीगढ़वासी होने के नाते आपकी सरकार को बधाई विदाई देता हूं। कांग्रेस के भ्रष्ट भ्रष्ट विजन की वजह से प्रदेश के स्कूलों में बच्चे पढ़ाई की बजाय मीड मिल में मिलने वाली थाली से बारिश का पानी कैसे निकाला



जाता है ये बेहतर तरीके से सिख रहे है। भाजपा नेता करारा तंज कसते हुए कहा आपकी भ्रष्ट व्यवस्था का तहत यह नया पाठ्यक्रम शामिल किया गया है। ओपी चौधरी ने कहा भूपेश जी आपकी भ्रष्ट व्यवस्था बच्चो को पानी निकालो पाठ्यक्रम सीखने के लिए बाध्य कर रही। सरकार की खाऊ मानसिकता का जनता हर कदम में आंतरिक पीड़ा का अनुभव कर रही। प्रदेश की भोली भाली जनता अब यह ठान चुकी है कि उसे तीन माह बाद सरकार के कुशासन से मुक्त होना है। जारी वीडियो में लोरमी विकाशखण्ड के गांव के सरकारी स्कूल का दृश्य दिखाया गया है जिसमें पहली बारिश में ही स्कूल तालाब में तब्दील हो गया। स्कूल में गेट से लेकर क्लास रूम तक पानी ही पानी नजर आ रहा है। छोटे-छोटे बच्चे मिड डे मील के लिए मिली थाली से क्लास रूम में भरे हुए पानी को फेकने के लिए विवश है। मानसून के पहली ही बारिश में शिक्षा विभाग व स्कूल की पोल खोल रहा है।



## जनपद स्तर पर चल रहे निर्माण कार्यों को निधारित समय-सीमा पर पूर्ण करें-लल्ली सिंह

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



जनपद पंचायत सोनहत की सामान्य सभा की बैठक जनपद पंचायत अध्यक्ष लल्ली सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जनपद सभाकक्ष में आयोजित सामान्य सभा की बैठक में सभी विभागों के खण्ड स्तरीय अधिकारियों ने अपने विभागीय योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। इसके साथ ही बैठक में कृषि विभाग के द्वारा खरीफ फसल हेतु खाद बीज की उपलब्धता तथा स्वास्थ्य विभाग के द्वारा मौसमी बीमारियों से रोकथाम के सम्बंध में जानकारी दी गई। जनपद अध्यक्ष लल्ली सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को क्लोरिन की गोली तथा ब्लीचिंग पाउडर का वितरण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने जनपद स्तर पर चल रहे निर्माण कार्यों को निधारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारी को दिए। जनपद अध्यक्ष द्वारा मुख्यमंत्री घोषणा मद के सभी कार्य को सितंबर तक पूरा करने निर्देश दिए तथा 15 वें वित्त एवम जनपद विकास निधि के समस्त प्रस्तावित कार्यों के प्राक्कलन 3 दिवस के भीतर प्रस्तुत करने ग्रामीण यांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री शाला जतन योजना के निर्माणाधीन कार्यो को जल्द पूर्ण करने को कहा। बैठक में सभी हैण्डपम्पों का मरम्मत कर, सोखता गड्ढा बनाने पर जोर देते हुए लोक स्वास्थ्य यात्रिकी विभाग से जनपद क्षेत्र में स्थापित हैंड पंप की जानकारी चाही गई परंतु विभाग द्वारा उपलब्ध नहीं कराए जाने पर सदस्यों ने नाराजगी व्यक्त की, अध्यक्ष लल्ली सिंह ने 7 दिवस के भीतर सम्पूर्ण जानकारी जनपद कार्यालय में उपलब्ध कराने को कहा।

# फर्जी जमीन रजिस्ट्री मामले का मुख्य सरगना जेल दाखिल

## मामले में संलिप्त अधिकारी कर्मचारी सहित दोषियों की होगी जल्द गिरफ्तारी

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ क्षेत्र में जमीन रजिस्ट्री में फर्जीवाड़ा करने के मामले में अपराध पंजीबद्ध हुआ है। मामले में मुख्य सरगना को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। बता दें कि कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर भूमि स्वामी की जानकारी के बिना जमीन की रजिस्ट्री करा ली गई। फर्जी रजिस्ट्री के लिए भू-स्वामी का फर्जी आधार कार्ड व ऋण पुस्तिका तैयार किया गया। इस मामले की शिकायत पर धरमजयगढ़ थाने में अज्ञात विक्रेता व संबंधित सभी पक्षकारों, जिनमें संबंधित अधिकारी, कर्मचारी शामिल हैं। जिनके खिलाफ धारा 419, 420, 467, 468, 471, 120 बी भादवि का होना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में



लिया गया। इस मामले में उर्वशी गुप्ता पिता मुकेश गुप्ता 6,7/24 कृष्णा कुंज सिविल लाईन रायपुर के निवासी हैं। जिनके नाम के ग्राम रुवाफुल में स्थित खसरा नंबर 69/1 रकबा 0.506 एवं खसरा नंबर 76/4 रकबा 0.344 हेक्टेयर भूमि को किसी अज्ञात विक्रेता द्वारा उर्वशी गुप्ता के स्थान पर पंजीयन कार्यालय धरमजयगढ़ में उपस्थित होकर फर्जी आधार एवं ऋण पुस्तिका कूट रचित दस्तावेज तैयार कर विक्रय किया गया है। उक्त भूमि को क्रेता सुनील कुमार अग्रवाल पिता महावीर प्रसाद अग्रवाल निवासी तुर्रापारा धरमजयगढ़ के पक्ष में विक्रय पंजीयन कर दिया गया है। इस प्रकार वास्तविक स्वामी उर्वशी गुप्ता के बिना जानकारी के उनके भू-स्वामीत्व की भूमि का फर्जी तरीके कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर उपरोक्त भूमि का विक्रय किया गया है। मामले में आरोपी रोहित महंत पिता आत्माराम महंत उम्र 38 वर्ष एवं असीम कुमार मंडल धरमजयगढ़ को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से न्यायायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी नंदलाल पैंकरा ने बताया कि मामले में संलिप्त अन्य आरोपियों की भी जल्द गिरफ्तारी होगी।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल का कलेक्टर ने किया अवलोकन

## विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ने और अपने लक्ष्य के अनुरूप मेहनत करने की दी समझाईश

जोहार छत्तीसगढ़-बीजापुर।

कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने जिला स्तरीय शाला प्रवेश के दौरान भोपालपट्टनम के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल का अवलोकन किया जहां लैब,लाईब्रेरी, क्लासरूम सहित सभी कक्षाओं का बारीकी से अवलोकश किया



इस दौरान शिक्षक एवं विद्यार्थियों से चर्चा कर स्कूल की गतिविधियों से अवगत भी हुए वहीं हाईस्कूल की छात्राएं अपने बीच जिला कलेक्टर को पाकर बहुत खुश हुए कलेक्टर ने छात्राओं से पूछा कि पढ़ लिखकर आगे क्या करने का लक्ष्य रखे हो तो 4 बालिका ने डॉक्टर बनने की इच्छा जाहिर कि तो एक बालिका ने आईएएस बनने की बात कही कलेक्टर कटारा ने बच्चों का हौसला आफ जाई करते हुए कहा कि कोई भी लक्ष्य बड़ा नहीं होता हम जितना बड़ा सोचते है हमें उतना ही मेहनत करना पड़ता और कड़ी मेहनत और लगन से सफलता अवश्य मिलती है बच्चों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कलेक्टर ने कहा कि मै भविष्य के डाक्टर और आईएएस के साथ में हूं मुझे इस बात की खुशी है बच्चों के आग्रह पर ग्रुप फोटोग्राफी भी कराया।

# टमाटर हुआ लाल, महंगाई ने बिगाड़ी थाली का जायका

जोहार छत्तीसगढ़-खरसिया।

देश में इस साल मानसून के साथ महंगाई भी आई है। टमाटर के दाम से देशभर में हाहाकार मच गया है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ में पहली बारिश के बाद टमाटर के भाव 2 गुना हो गए हैं कुछ दिन पहले टमाटर 50 किलो में बिक रहा था लेकिन पिछले 2 दिनों से टमाटर 100 किलो में बिक रहे हैं इस अचानक बड़े टमाटर के दाम के बाद बाजार में बाकी सब्जियों के दाम भी बढ़ गए हैं। गोभी की कीमत 100 हो गई है आखिर यह महंगाई अचानक बढ़ कैसे गई और मंगाई से राहत कब मिलेगी। टमाटर के साथ बिकने वाली सब्जियों के दाम भी अब बढ़ने लगे हैं खरसिया में प्रति किलो के हिसाब से भिंडी 40, बैंगन 50, गोभी 100, परवल 100, मूंगा 100 में बिक रहे हैं आम जनता अचानक बढी महंगाई से परेशान है



क्योंकि कोई भी हरी सब्जी 40 से कम में नहीं मिल रही है पहले लोग सब्जी आधा से 1 किलो लेकर आते थे। लेकिन महंगाई के कारण अब एक पाव ले रहे हैं कुछ लोगों ने तो कहां की अब टमाटर ही नहीं खा रहे हैं इतना महंगा टमाटर नहीं खरीद सकते। सिर्फ छत्तीसगढ़ की बात करें तो राज्य के स्थानीय किसानों की फसल अभी बाजार में नहीं आई है छोटे किसान तो टमाटर रिस्की फसल होने के कारण उगाते ही नहीं है इसलिए छत्तीसगढ़ में टमाटर कर्नाटक से आता है। लेकिन कर्नाटक में भारी बारिश के कारण टमाटर की सप्लाई कमजोर हुई है इसलिए टमाटर के भाव बढ़ गए हैं इसके साथ दूसरी सब्जियों के दाम भी लगातार बढ़ गए हैं सब्जी मंडी के जानकार बता रहे हैं की बारिश के समय सब्जियों के दाम बढ़ते ही है।

# लायंस क्लब को मिला एक नया उपलब्धि

## नवनिर्मित इन्डोर ऑडिओरियम का लोकार्पण

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

कोरबा के हृदय स्थल में स्थित लायंस क्लब ऑफ कोरबा द्वारा संचालित लायंस इंग्लिश स्कूल टीपी नगर में नवनिर्मित इन्डोर ऑडिटोरियम का लोकार्पण 30 जून 2023 को शाम 8 बजे आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मंत्री एमजेएफ लायन जयसिंह अग्रवाल राजस्व एवं आपदा प्रबंधन छ.ग. शासन एवं विशिष्ट अतिथि कोरबा लोकसभा के सासंद ज्योत्सना चरणदास महंत एवं कोरबा के प्रथम नागरिक महापौर नगर पालिक निगम कोरबा व क्लब के वरिष्ठ सदस्य लायन राजकिशोर प्रसाद, एमजेएफ लायन जयप्रकाश अग्रवाल निवृतमान मल्टीपल काउंसिल चेयरपर्सन, एमजेएफ लायन बसंत मिश्रा, एमजेएफ






लायन एम.डी. माखीजा पूर्व प्रांतापल, लायन रंजना क्षेत्रपाल पूर्व प्रांतपाल उपस्थिति थे। मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा 5000 स्क्वायर फीट में फैला इस भव्य ऑडिटोरियम के मुख्य द्वार पर रीबन काट कर लोकार्पण किया। मंचीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का सम्मान कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने अपने उद्बोधन में क्लब के इस कार्य की भूरी-भूरी प्रशंसा की व और भी बहुत सुविधाए आने वाले समय में उपलब्ध कराने की बात कही। लायन सत्येन्द्र वासन प्रोजेक्ट डायरेक्ट द्वारा इस भव्य ऑडिटोरियम के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। अतिथियों को सम्मान स्वरुप स्मृति चिन्ह भेंट किया गया अध्यक्षता लायन राजकुमार अग्रवाल (उत्सव) अध्यक्ष व मंचसंचालन लायन संतोष खरे द्वारा किया गया। अंत में क्लब अध्यक्ष द्वारा अपने कार्यकाल के सहयोगी टीम को भी स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया एवं आभार प्रदर्शन लायन दीपक माखीजा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में लायंस क्लब कोरबा ट्रस्ट चेयरमेन लायन श्रीकांत बुधिया, लायन राधेश्याम बंसल, लायन रोहित राजवाड़े, लायन इंजी. अरविन्द साहू, एमजेएफलायन राजकुमार अग्रवाल (श्वेता), लायन दीपक माखीजा, लायन रामखिलावन सिंह, लायन मधु पाण्डेय, लायन डॉ. जयपाल सिंह, लायन नन्दकिशोर अग्रवाल, लायन रविशंकर सिंह, लायन पुरुषोत्तम अग्रवाल, लायन ममतारानी वासन, डॉ. सरफराज खान, लायन अमरेश सिंघानिया, लायन रामगोपाल डिक्सेना, ला. सुभाष अग्रवाल (बालाजी), लायन दिनेश राठौर, लायन आकाश अग्रवाल, लायन कान्ता अग्रवाल, लायन एस.के.अग्रवाल, लायन सुभाष अग्रवाल (आरपी नगर), लायन राजेन्द्र डागा, लायन रमेश शर्मा, लायन कैलाश मोदी, लायन दिलीप देवांगन, उपस्थित लायन साथियों व अन्य क्लबों से आए लायन सदस्यों की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## एक नजर

### छः साल से फरार स्थाई वारंटी को थाना प्रभारी पैंकरा ने किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़ धरमजयगढ़।



थाना प्रभारी नंदलाल पैंकरा की टीम ने छः साल से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। धरमजयगढ़ थाने में आरोपी के खिलाफ एफ आईआर दर्ज है कि उसके द्वारा नाबालिग को बहला फुसलाकर भगाया गया था। जिस पर आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 272/17 धारा 363, 342 के तहत मामला पंजीबद्ध है। घटना के बाद से आरोपी हीरा लाल पन्ना पिता एतवा राम पन्ना उम्र 34 साल पता सिथरा थाना धरमजयगढ़ फरार था। जिस पर आरोपी के खिलाफ स्थाई वारंट था। जिसे थाना प्रभारी पैंकरा एवं हमराह आरक्षक पुष्पेंद्र सिदार, आरक्षक किशोर राठौर ने गिरफ्तार किया है।

### एसएसपी रायगढ़ ने की बड़ी फेरबदल, धरमजयगढ़ के नए थाना प्रभारी होंगे अमित कुमार तिवारी

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।




एसएसपी रायगढ़ सदानंद कुमार ने बड़ी फेरबदल की है। जिसमें 45 अधिकारी कर्मचारियों का स्थानांतरण आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि अस्थाई तौर पर आगामी आदेश पर्यंत स्थानांतरित कर पदस्थ किया जाता है। अमित कुमार तिवारी धरमजयगढ़ थाना के नए प्रभारी होंगे। जिन्हें रक्षित केंद्र रायगढ़ से प्रभारी धरमजयगढ़ पदस्थ किया गया है। वहीं सहायक उपनिरीक्षक डेविड टोप्पो आरक्षित केंद्र रायगढ़ से थाना कापू, अमृत मिंज आरक्षित केंद्र रायगढ़ से थाना भूपदेवपुर पदस्थ किया गया है।

### आयुक्त ने कलेक्ट्रेट-तहसील कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

-कार्य में लापरवाही बरतने तथा अनुपस्थिति रहने वालों को नोटिस जारी

**बेमेतरा-रायपुर ।** संभागायुक्त महादेव कावरे ने अपने कलेक्ट्रेट के साथ ही बेमेतरा तहसील एवं जिला पांयतत कार्यालय में औचक निरीक्षण करते हुए कई खामियां पकड़ी। इस दौरान कार्य से अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस भी जारी कर दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि आयुक्त श्री कावरे ने नवीन तहसील देवरबीजा का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने कार्यालय में संधारित किए जाने वाले अभिलेखों की जांच की जिस दौरान आदेशिका पंजी, अभिलेख पंजी एवं विभिन्न प्रकार की पंजीया संधारित नही पाए जाने पर तहसीलदार देवरबीजा को पंजीयो के संधारण के निर्देश दिए गए। संभागायुक्त श्री कावरे ने न्यायालय कलेक्टर का निरीक्षण किया जिस दौरान उन्होंने अर्थदंड वसूली की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिए । उन्होंने कार्यालय में वित्त शाखा, भू अभिलेख शाखा, प्रतिलिपी शाखा में संधारित होने वाले रोकड बही एवं अन्य पंजीयों को अद्यतन करने एवं नियमित रुप से संबंधित अधिकारियों के हस्ताक्षर लिए जाने के निर्देश दिए।

#### वहीं कैशबुक अद्यतन नही होने पर खनिज अधिकारी को थमाया नोटिस

खनिज शाखा के निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त ने वर्ष 2018 से कैश बुक अद्यतन नही पाए जाने पर श्रीमती अर्चना ठाकुर, खनिज अधिकारी बेमेतरा को एवं संबंधित कर्मचारी मनोहर साव सहायक ग्रेड 02 को कारण बताओं नोटिस जारी किया साथ ही कैश बुक शीघ्र पूर्ण कर अवलोकन कराए जाने के निर्देश भी दिए गए साथ ही श्री कावरे ने खनन पर रोक लगाने हेतु खनिज अधिकारी को सख्त निर्देश दिए। खाद्य शाखा के निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त ने दस्तावेजों के अव्यवस्थित रख रखाव पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए शाखा में फाइलों को व्यवस्थित रखने एवं स्व%छ रखने के निर्देश दिए। श्री कावरे ने सुबह 10 बजे कार्यालय तहसीलदार बेमेतरा में अनुपस्थित पाए गए दस कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया साथ ही अधिकारी एवं कर्मचारियो को सख्त हिदायत दी गई की वे कार्यालीन समय में कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in